दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस आज

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 1 मई 2025 शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 21 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

मोदी कैबिनेट की बैठक में लिए गए अहम फैसले

जाति जनगणना को मंजूरी

शिलांग से सिलचर के बीच ग्रीन कारिडोर, गन्ना किसानों को बड़ी राहत

■ सरकार ने जनगणना के साथ ही जाति जनगणना कराने का भी फैसला

नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी दी। बैठक में सरकार ने जाति जनगणना कराने का भी फैसला लिया है। कैबिनेट जाति जनगणना को मंजूरी दे दी है। सरकार के फैसले की जानकारी देते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया। 1947 के बाद से जाति जनगणना नहीं हुई। जाति जनगणना की जगह कांग्रेस ने जाति सर्वे कराया, यूपीए सरकार में कई राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से जाति सर्वे किया है। उन्होंने आगे कहा कि 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

नए ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर को मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में मेघालय के शिलांग के पास मावलिंगखुंग से असम के सिलचर के पास पंचग्राम तक एक नए ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-6 (एनएच-6) के तहत कुल 166.80 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर होगा, जिसे हाइब्रिड एन्यूटी मोड के अंतर्गत बनाया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 22,864 करोड़ रुपये आंकी गई है।

गन्ना किसानों की एमएसपी बढ़ाई

कैबिनेट ने गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य को लेकर भी बड़ा निर्णय लिया है। 2025-26 चीनी सत्र के लिए गन्ने की एफआरपी दर 355 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। यह दर 10.25 फीसदी की बेसिक रिकवरी दर पर आधारित है। इसके अलावा, रिकवरी दर में हर 0.1 फीसदी की बढ़ोतरी पर 3.46 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम मिलेगा, जबकि 0.1 फीसदी की कमी पर उतनी ही राशि की कटौती की जाएगी। सरकार का यह निर्णय गन्ना किसानों की आय सुनिश्चित करने और चीनी मिलों के साथ संतुलन बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कदम है।

साय कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

2621 बीएड कर्मी होंगे बहाल

■ नौकरी से हटाए गए गए बीएड शिक्षकों की होगी नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2023 की सीधी भर्ती में सेवा समाप्त किए गए 2621 बी.एड. डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। अब इन सभी शिक्षकों को सहायक शिक्षक (विज्ञान प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित किया जाएगा। यह फैसला राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

सरकार के इस फैसले से न सिर्फ हजारों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षा मिली है, बल्कि स्कूलों में विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक शिक्षा को भी मजबूती मिलेगी। लंबे समय से समायोजन की मांग कर रहे शिक्षकों और उनके परिवारों में इस निर्णय से खुशी की लहर है।

कृषक उन्नति योजना में संशोधन

मंत्रिपरिषद ने रेगहा, बटाई, लीज और डुबान क्षेत्र पर खेती करने वाले किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना का लाभ अब उक्त श्रेणी के किसानों को भी मिलेगा। मंत्रिपरिषद ने बैठक में ''कृषक उन्नति योजना'' के दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए इसका लाभ प्रदेश के ऐसे उक्त समस्त कृषक जिनसे खरीफमौसम में सहकारी समिति एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषक विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से धान/धान बीज का उपार्जन किया गया हो, उन्हें आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना : मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ राज्य के सुदूर अनुसूचित एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां यात्री परिवहन की सुविधा कम है, ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

एनआईईएलआईटी केन्द्र की स्थापना

मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश की तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने और डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसके तहत नवा रायपुर अटल नगर में स्टेट ऑफ आर्ट एनआईईएलआईटी की स्थापना के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईईएलआईटी को 10.023 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। राज्य में एनआईईएलआईटी केन्द्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा, डिजिटल कौशल विकास और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

आज बेबाक

लगता है भारत के साथ एक और जंग करने की पाकिस्तान की हसरत जल्द ही पूरी होगी। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों सेना प्रमुखों की एक बैठक लेकर उन्हें खुली छूट दे दी है कि वे अपना टारगेट और टाइम खुद तय कर कार्यवाही के लिए स्वतंत्र हैं। यह खबर सामने आते ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हालत इस कदर पतली हो गई कि वे अस्पताल में भर्ती हो गये। पाकिस्तान का आर्मी चीफ असीम मुनीर दुम दबाकर बंकर में छुपा बैठा है। ये डरपोक चूहे भारत से जंग लडेंगे। जिन्हें पाकिस्तानी ही कायर बता रहे हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

■ पूर्व रा चीफ आलोक जोशी को बनाया प्रमुख

नयी दिल्ली (वार्ता)। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालाइसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है। बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी - राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढते तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बोर्ड का पुनर्गठन सुरक्षा प्रणाली ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

फिर सीजीएमएससी घोटाला : कलेक्टर ने बनाई जांच टीम, हफ्तेभर में मांगी रिपोर्ट

गरियाबंद/नवप्रदेश। सीजीएमएससी ने बगैर मांग के गरियाबंद जिले के प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों में लाखों की दवा खपाई है। इसका खुलासा जनपद सदस्य माखन कश्यप ने पंचायत बॉडी के साथ उरमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तब हुआ। कश्यप ने कहा, यह सीजीएमएससी के 550 करोड़ के चर्चित घोटाले की तरह पार्ट 2 घोटाला हो सकता है। इस मामले में कलेक्टर ने जांच टीम गठित कर हफ्तेभर के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

दो दिन पहले जिले के उरमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण जनपद सदस्य माखन कश्यप ने ग्राम सरपंच पंच के साथ किया था।केंद्र के पास में मौजूद आयुर्वेदिक अस्पताल के अंदर के बरामदे में 50 से ज्यादा बंद कार्टून और 20 से ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

खुलेगी भ्रष्टाचार की परत: भारतमाला प्रोजेक्ट में मुआवजे का विवरण होगा सार्वजनिक

■ दावा आपत्ति के लिए 15 दिन का मिलेगा समय

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने आज अपने संभाग के सभी कलेक्टरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। रायपुर संभाग कलेक्टर कांफ्रेंस में भारतमाला प्रोजेक्ट में मुआवजा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया।

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत लोगों को मिले मुआवजे का प्रकाशन किया जाएगा। इसकी पूरी जानकारी कल जिला प्रशासन की वेबसाइट पर आ जाएगी। इससे पता चल जाएगा कि किस-किस को कितना मुआवजा मिला है।

मुआवजे का विवरण सार्वजनिक होने के बाद लोगों को दावा आपत्ति करने 15 दिन का समय दिया जाएगा। संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने बताया, भारतमाला के अलावा जितने प्रोजेक्ट्स के तहत मुआवजा दिया गया है सभी का प्रकाशन किया जाएगा। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

पाक को सबक सिखाने का सही वक्त: कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में एकता और एकजुटता का ज़बरदस्त माहौल है और यही सामूहिक रूप से पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही वक्त है ताकि पहलगाम जैसे अपराध करने की वह कभी सोच भी न सके। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश में यहां जारी बयान में कहा, यह एकता और एकजुटता का समय है। यह वह समय ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

खाद्य पदार्थों पर झूठे दावे किए तो कंपनी की खैर नहीं

■ उपभोक्ता घर बैठे कर सकेंगे शिकायत

नई दिल्ली (ए.)। अक्सर देखा जाता है कि कई कंपनियां अपने उत्पादों के बारे में झूठे-भ्रामक और गैर प्रमाणित दावे करती हैं। उपभोक्ता इन दावों के झांसे में आकर इन्हें खरीद तो लेता है, लेकिन अपेक्षित लाभ न मिल पाने के बाद वह ठगा महसूस करता रह जाता है। सबसे बड़ी बात कि जीवन की अपनी आपाधापी में विरले उपभोक्ता ही उपभोक्ता फोरम जाकर कंपनी या उत्पाद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत कर पाते हैं। लेकिन भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अब यह ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

पहलगाम आतंकवादी हमले पर गुटेरेस ने की जयशंकर और शरीफ से बात

नयी दिल्ली (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है।

महासचिव कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्री गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इन हमलों के लिए कानूनी तरीकों से न्याय और जवाबदेही तय करने के महत्व पर जोर दिया है।

महासचिव ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और ऐसे टकराव ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

सफलता... जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई में उपलब्धि हासिल की

नक्सलियों के गढ़ में जवानों ने लहराया तिरंगा

बीजापुर /नवप्रदेश । सुरक्षा बल के जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई में 1 और बड़ी सफलता हासिल की है। जवानों ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर बसे नक्सलियों के गढ़ कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर भारत का तिरंगा लहराया दिया है। यह देश में नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ी कार्रवाई है, जिसमें सुरक्षा बल के जवान बीते 9 दिन से लगातार लाल आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सलवाद के खिलाफ यह लड़ाई अब अंतिम पड़ाव पर है।

ऑपरेशन का आज 9वां दिन कर्रेगुट्टा पहाड़ पर एंटी नक्सल ऑपरेशन का आज 9वां दिन है। नक्सलियों के खात्मे के लिए लगभग 10 से 12 हजार जवानों ने पहाड़ी को अपने कब्जे में कर लिया है। जवानों ने बड़े कैडर के नक्सली लीडरों समेत सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा और उनके सभी बंकरों को ध्वस्त करने का संकल्प किया है।

बीते मंगलवार को फोर्स ने पहाड़ पर कब्जा कर लिया है। यहां हेलीकॉप्टर की सहायता से 500 जवानों को उतारा गया। पहले इस ऑपरेशन में सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस, तेलंगाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल थी। वहीं अब बिहार और झारखंड के सेंट्रल सुरक्षाबल के जवानों की भी कर्रेगुट्टा पहुंचने की जानकारी सामने आई है। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

कर्रेगुट्टा पहाड़ पर तेज हुआ एंटी नक्सल ऑपरेशन

जगदलपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ पर एंटी नक्सल ऑपरेशन का आज 9वां दिन है। बीते मंगलवार को फोर्स ने पहाड़ पर कब्जा कर लिया है। यहां हेलीकॉप्टर की सहायता से 500 जवानों को उतारा गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। पहले इस ऑपरेशन में सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस, तेलंगाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल थी। वहीं अब बिहार और झारखंड के सेंट्रल सुरक्षाबल के ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established u/s 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

15th nirf Among Indian Universities
A++ Grade Accredited by NAAC
Tier 1 NBA Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years

KIITEE 2025 PHASE - 2
APPLY ONLINE
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025 | No Examination Fee (Computer-Based Test)
KIITEE 2025 Online Test (Phase -2) starts from
8th June to 12th June 2025

Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 University Ranking Word University Rankings
IET The Institute of Engineering and Technology

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE
UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]
B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- BA LLB/BBA LLB/B.Sc LLB (Hons) 5yrs

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA
- MBA in Rural Management
- MBA in Agribusiness Management
- MBA-EV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies
5585+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid internships
1000+ Students with multiple job offers

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India, Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

अक्षय तृतीय पर खुले गंगोत्री-यमुनोत्री धाम, चारधाम यात्रा का अगाज

उत्तरकाशी। अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही आज उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है। कपाटोद्घाटन के सैकड़ों लोग साक्षी बने। इस दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पीएम मोदी के नाम से धामों में पहली पूजा हुई।

वहीं कपाटोद्घाटन के मौके पर पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देशवासियों को चारधाम यात्रा की बधाई दी। कहा की सुगम यात्रा के लिए सभी प्रकार की तैयारी हो चुकी है। वहीं संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए भी लगातार सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

अब निरंतर छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। कपाटोद्घाटन मौके पर समूचा गंगोत्री धाम मां गंगे के जयकारो से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा के दर्शन किए। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलते ही उत्तराखंड में चार धाम यात्रा श्री गणेश हो गया है। कपाटोद्घाटन के मौके पर मां गंगा के दर्शन के लिए देश के विभिन्न प्रांतो से श्रद्धालु गंगोत्री धाम पहुंचे।यहां श्रद्धालुओं ने मां गंगा की विग्रह मूर्ति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर गंगोत्री मंदिर परिसर को करीब 15 कुंतल फूलों से सजाया गया। अब श्रद्धालु छह माह तक गंगोत्री धाम में मां गंगा की दर्शन कर सकेंगे।

रूस नहीं जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी विजय दिवस परेड में नहीं होंगे शामिल

मॉस्को। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच खबर आ रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना रूस दौरा स्थगित कर दिया है। प्रधानमंत्री 9 मई को मॉस्को में होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे। पीएम मोदी को विजय दिवस परेड के लिए रूस ने आमंत्रित किया था।

शी जिनपिंग समारोह में शामिल होंगे

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोदी के अलावा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को विजय दिवस समारोह में शामिल होने और रेड स्क्वायर पर विजय परेड देखने के लिए आमंत्रित किया था। शी ने पुष्टि की है कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मॉस्को में करीब 20 विदेशी नेताओं की मेजबानी की तैयारी चल रही है।

नाजी जर्मनी पर विजय का जश्न

रूस नौ मई को द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर विजय का जश्न मनाता है और इस वर्ष उसने 80वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेने के लिए चुनिंदा मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है।

2000 में राष्ट्रपति पुतिन पहली बार नई दिल्ली आए थे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर सकते हैं

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने मॉस्को में आयोजित होने वाले विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल नहीं होंगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 9 मई के कार्यक्रम में पीएम मोदी की जगह भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

अक्तूबर 2000 में राष्ट्रपति पुतिन पहली बार नई दिल्ली आए थे और उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ रणनीतिक साझेदारी घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले 25 वर्षों में यह साझेदारी नई दिल्ली और मॉस्को के बीच एक विशेष साझेदारी के रूप में विकसित हुई है।

लक्ष्य आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना चाहिए

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (ष्टष्टस्) की बैठक हुई। इस बैठक में हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में भारत की संभावित प्रतिक्रिया को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच हुई जम्मू-कश्मीर की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हुए। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, "BJP तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त में निशाना तय होना चाहिए। सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की।

फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे, लेकिन हमने अपनी बात रखी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने ष्टङ्खष्ट बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया।"

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, "हमने कहा है कि देश के सामने ये संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए। कांग्रेस पार्टी की ओर से इस हमले के संबंध में एक विशेष सत्र की मांग की गई है, लेकिन उसका जवाब प्रधानमंत्री की तरफ से अभी तक नहीं आया है।"

न्यूज गैलरी

वीरेंद्र सचदेवा को मिली जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली। दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस ने वीरेंद्र सचदेवा की सुरक्षा को लेकर खतरे की आशंका जताई थी। इसके बाद उनकी सुरक्षा 'ड्ड' श्रेणी से बढ़ाकर Z+ श्रेणी कर दिया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने आकलन के बाद 26 अप्रैल को सचदेवा की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया। ऐसे में अब दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 20 से 22 सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे, जिनमें 4 से 6 कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होंगे। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, हालांकि वे सुरक्षा बढ़ाने के विशिष्ट कारणों का खुलासा नहीं कर सकते, लेकिन खतरे का गहन आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि वीरेंद्र सचदेवा की सुरक्षा में शनिवार से बढ़ोतरी की गई थी। 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा में बढ़ोतरी के साथ अब उनके काफिले के साथ एक पायलट वाहन भी रहेगा, जो उनकी सुरक्षा को और भी मजबूत करेगा। पायलट वाहन का उद्देश्य नेता के काफिले की सुरक्षा में सहायता करना होगा।

अमेठी में राहुल गांधी ने हृदय रोग इकाई का किया उद्घाटन

अमेठी। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद लगभग दस महीने के लंबे अंतराल के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे। दौरे के दौरान राहुल गांधी का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला। उन्होंने कोरवा स्थित ऑर्डिनेंस फैक्टरी में निर्मित हथियारों का निरीक्षण किया और मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल परिसर में ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। राहुल गांधी का काफिला सबसे पहले अमेठी के कोरवा स्थित ऑर्डिनेंस फैक्टरी पहुंचा। जहां उन्होंने फैक्टरी में बन रहे घरेलू हथियारों और तकनीकी उपकरणों की जानकारी ली। फैक्टरी अधिकारियों ने उन्हें उत्पादन प्रक्रिया और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद राहुल गांधी मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को लखनऊ या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अमेठी में ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। राहुल गांधी ने जिले के सीनियर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक पार्टी को सक्रिय करें और ऐसे लोग आगे आएं जो समय देकर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें।

बांग्लादेश की अदालत का फैसला इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने आज देशद्रोह के एक मामले में पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी। बांग्लादेश में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सत्ता परिवर्तन के बाद से वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हुई हिंसा के खिलाफचिन्मय एक प्रमुख आवाज बनकर उभरे थे। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद उनके अनुयायी सड़क पर उतर आए थे। भारत ने भी मामले को लेकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए चिंता व्यक्त की थी। चंदन कुमार धर, जिन्हें चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के नाम से भी जाना जाता है, सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और चटगांव इस्कॉन के नेता हैं। इस्कॉन चटगांव से पता चला कि 37 साल के चिन्मय कृष्ण चटगांव के सतकानिया उप जिला से हैं। वे अपने धार्मिक भाषणों के लिए जाने जाते हैं। इन्ही भाषणों के कारण उन्होंने कम उम्र में ही धार्मिक उपदेशक के रूप में जाना जाने लगा। इसके चलते उन्हें 'शिशु वक्ता' उपनाम भी मिला। चिन्मय कृष्ण दास 2016 से 2022 तक इस्कॉन के चटगांव मंडल सचिव रहे। वे 2007 से चटगांव के हथजारी में पुंडरीक धाम के प्रधानाचार्य भी रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चिन्मय को इस्कॉन में उनके पद से निलंबित कर दिया गया था।

5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। देश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही बड़े पैमाने पर हिंदू घरों और मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। इसके जवाब में यह मंच शुरू किया गया और चिन्मय दास को इसका प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

मणिपुर में शांति लाने 'लोकप्रियसरकार' बनाने की गृहमंत्री अमित शाह से आग्रह

- 21 विधायकों ने अमित शाह को लिखा पत्र

इंफाल। मणिपुर में एक बार फिर से सरकार गठन की कवायदें शुरू करने की अपील की गई है। 21 विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। पत्र में उनसे पूर्वोत्तर राज्य में शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए 'लोकप्रिय सरकार' बनाने का आग्रह किया गया है। राज्य में अभी राष्ट्रपति शासन है।

केंद्र ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया था, जहां मई 2023 से मैतेई और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है। इसे पहले ही निलंबित कर दिया गया था। पत्र पर भाजपा के 13, एनपीपी-नगा पीपुल्स फ्रंट के तीन-तीन और विधानसभा के दो स्वतंत्र सदस्यों के हस्ताक्षर हैं।

'राज्य में फिर से हिंसा हो सकती है'

इसमें कहा गया है, 'मणिपुर के लोगों ने राष्ट्रपति शासन का स्वागत किया है। उन्होंने बहुत उम्मीद और अपेक्षा के साथ ऐसा किया। हालांकि, तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं देखी गई है। लोगों में इस बात की प्रबल आशंका है कि राज्य में फिर से हिंसा हो सकती है। कई नागरिक संगठन राष्ट्रपति शासन लागू करने के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं और एक लोकप्रिय सरकार की स्थापना की मांग कर रहे हैं।'

मोदी कैबिनेट में कई अहम फैसले : असम-मेघालय के बीच नया हाईवे, गन्ने के एफआरपी में किया गया इजाफा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाईवे सिल्चर से शिलॉन्ग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। स्नइसके अलावा गन्ने के एफ्आरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। गन्ने की नई एफ्आरपी 355 रुपए प्रति कुंटल की गई है। वहीं मोदी सरकार आगामी मूल जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का भी एलान किया है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकी दी।

कैबिनेट ने मंजूरी दी

ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिसकी कुल लंबाई 166.80 किलोमीटर होगी। यह मार्ग मेघालय में शिलॉन्ग के पास मावलिंगखुंग से शुरू होकर असम में सिलचर के पास पंचग्राम तक जाएगा।इससे गुवाहाटी, शिलॉन्ग, सिलचर, डिएंगपासोह, उम्मुलोंग, फ्रामेर, खिलएरियात, रताचेरा, उमकियांग, कलैन जैसे शहरों और कस्बों से निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा।

गन्ना किसानों को बड़ी सौगात

केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है।

दुश्मन का समर्थन देशद्रोह: सिद्धारमैया

बंगलूरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति पाकिस्तान के पक्ष में बोलता है या पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाता है, तो यह पूरी तरह से गलत है और इसे देशद्रोह माना जाना चाहिए। यह बयान उन्होंने मंगलूरू में एक युवक की हत्या को लेकर दिया, जिस पर कथित रूप से पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने का आरोप था। जहां सिद्धारमैया ने कहा कि मामले की जांच जारी है और अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफहोगा कि किसके खिलाफक्या कार्रवाई की जाएगी। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि युवक की 'भीड़ द्वारा हत्या' की गई है और गिरफ्तार लोगों का दावा है कि मृतक ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। उन्होंने बताया कि अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सभी से पूछताछ की जा रही है। परमेश्वर ने कहा कि मृतक की पहचान केरल के वायनाड जिले के पुलपल्ली गांव निवासी अशरफके रूप में हुई है। पुलिस उसके मूल और परिवार से भी संपर्क कर रही है।

मुश्किलें बढ़ी... | **परियोजना को आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ ठेकेदारों को कथित तौर पर दिया गया**

सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक और केस, एंटी करप्शन ब्रांच ने दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली। पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ 2 हजार करोड़ के बड़े घोटाले का मामला दर्ज हुआ है। एंटी करप्शन ब्रांच ने एफ्आईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ अत्यधिक लागत पर कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार के संबंध में मामला दर्ज किया है।

क्लासरूम में बड़ा घोटाला

12,748 क्लासरूम और भवनों के निर्माण में कथित 2000 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़ा यह मामला है। एंटी करप्शन ब्रांच की तरफसे जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली में आप सरकार के शासनकाल में 12,748 कक्षाओं और भवनों के निर्माण में 2,000 करोड़ का भारी घोटाला सामने आया है। परियोजना को आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ ठेकेदारों को कथित तौर पर दिया गया था। निर्माण में भारी विचलन और लागत में वृद्धि देखी गई। इसके अलावा निर्धारित अवधि के अंदर एक भी काम पूरा नहीं हुआ।

जांच एजेंसी ने दर्ज केस में आरोप लगाया है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार रहने के दौरान 12,748 कक्षाओं का निर्माण किया गया था। आरोप पत्र के अनुसार, इन कक्षाओं के निर्माण में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, लेकिन इसका पैसा बेहतर आरसीसी निर्माण तकनीकी की दर से वसूल किया गया। एजेंसी का आरोप है कि इस मामले में भारी वित्तीय गड़बड़ी की गई है।

वित्तीय अनियमितता का आरोप

एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा दर्ज केस में इन नेताओं पर दिल्ली सरकार के स्कूलों की कक्षाओं के निर्माण में भारी वित्तीय अनियमितता करने का आरोप लगाया गया है। आरोप यह भी है कि आम आदमी पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को कक्षाओं के निर्माण का काम देकर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिया गया।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने यह भी आरोप लगाया है कि इन कक्षाओं के निर्माण में जिन 34 ठेकेदारों को निर्माण का ठेका दिया गया था, उनमें से ज्यादातर आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए लोग शामिल थे। आरोप है कि इन्हीं लोगों से मिलीभगत कर घटिया स्तर की कक्षाओं का निर्माण कराकर वित्तीय गड़बड़ी की गई। इसमें बच्चों की सुरक्षा को भी दांव पर लगाया गया।

कई जगहों पर किसी कक्षा का निर्माण नहीं किया गया, लेकिन टॉयलेट को एक कक्षा बताकर उसकी कीमत को भी जनता के पैसे से वसूल किया गया था। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की तत्कालीन सरकार ने एक ही स्कूल में चार-चार शिफ्ट में स्कूल चलाकर स्कूलों की संख्या बढ़ाकर दिखाई थी।

इस मामले को जनता के सामने उठाने का काम भाजपा नेता नीलकांत बख्शी, वर्तमान में दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा और भाजपा विधायक हरीश खुराना ने किया था।

इस्राइल ने गाजा पर किया जोरदार हमला, 12 की मौत

गाजा। इस्राइल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में लगभग 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल है। अल-अक्सा अस्पताल के मुताबिक, हमले नुसेरात शरणार्थी शिविर के तीन घरों पर किए गए। बच्चों में दो सगे भाई थे, जिनके शवों के टुकड़े अस्पताल पहुंचे। इस्राइली सेना ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में छापेमारी कर पत्रकार अली समौदी को गिरफ्तार किया। समौदी पहले ष्टहृ और अल-जज़ीरा के लिए काम कर चुके हैं। 2022 में वे उस गोलीबारी में घायल हुए थे जिसमें पत्रकार शिरीन अबू अकलेह की मौत हुई थी। इस्राइली सेना ने आरोप लगाया कि समौदी इस्लामिक जिहाद से जुड़े हैं और उन्होंने उसके लिए पैसे भेजे, हालांकि कोई ठोस सबूत नहीं दिया गया।

अफगानिस्तान के वर्दक में शुरू कीं 116 आवश्यक विकास परियोजनाएं

काबुल(वार्ता)। अफगानिस्तान के ग्रामीण पुनर्वास एवं विकास मंत्रालय ने पूर्वी अफगानिस्तान के वर्दक प्रांत में 28 लाख डॉलर से अधिक की लागत से 116 आवश्यक विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। मंत्रालय ने मंगलवार देर रात एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में संकेत दिया गया है कि पुल, पुलिया, सुरक्षात्मक दीवारें, सिंचाई नहरें और ग्रामीण सड़कों से जुड़ी परियोजनाएं प्रांत के जाघाटो जिले में लागू की जाएंगी। बयान के मुताबिक इन परियोजनाओं से सैकड़ों स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है और जिले में हजारों लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

जल संकट से निपटने एक बड़े आंदोलन की जरुरत, समस्याओं के समाधान को लेकर दिखाया संकल्प

नवपदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा- जनहित के कार्यों को गंभीरता से देंगे प्राथमिकता

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के नवपदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंथन सभाकक्ष में पत्रकारों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान शहर और जिले की प्रमुख समस्याओं पर पत्रकारों ने सवाल उठाए और त्वरित समाधान की मांग की। कलेक्टर अग्रवाल ने इन विषयों पर स्पष्ट रुख और समाधान के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शहर की पुरानी बसाहट में अब अधिक निर्माण कार्य संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि भविष्य की योजना नई बसाहट में की जाएगी ताकि सुविधाएं समुचित रूप से विकसित की जा सकें। जल संकट को लेकर उन्होंने कहा कि इसके समाधान के लिए एक बड़े आंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने शहर, वार्ड और जिले में जल संचयन और संरक्षण को प्राथमिकता देने की बात कही। वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने और लोगों को इसके लिए प्रेरित करने की योजना पर काम किया जाएगा। कलेक्टर ने चिंता जताई कि पेड़ लगाए तो जाते हैं लेकिन वे टिक नहीं पाते। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जितने पेड़ लगाए जाएं, उन्हें बचाया भी जाए। इसके लिए स्थानीय निकायों और आम जनता को मिलकर कार्य करना होगा। कोयला गाड़ियों से हो रहे प्रदूषण को लेकर पत्रकारों ने सवाल उठाए। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि कोयला ढुलाई में ढंकने (कवर करने) की व्यवस्था की कोशिश की जाएगी ताकि धूल और प्रदूषण को रोका जा सके। आवारा मवेशियों की समस्या को भी उन्होंने गंभीरता से लिया और इसके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देने की बात कही।

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण के लिए 42 शिविर

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की आम जनता को जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 42 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर 5 मई से लेकर 31 मई तक चिन्हित गांवों की स्कूलों में लगाए जाएंगे। प्रत्येक 10 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य प्रमुख गांव का चयन शिविर आयोजन के लिए किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तहसीलदारों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविर में आमंत्रित करने भी कहा है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में लगभग 2 लाख आवेदन मिले हैं। इनका तेजी से निराकरण संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। निराकरण की जानकारी आम जनता को इन शिविरों में उपलब्ध कराई जायेगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल ने बताया कि बिल्हा विकासखण्ड में इस दौरान 11 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें 5 मई को बरतोरी, 7 मई को भाड़ी, 9 मई को लिमतरी, 13 मई को झल्फा, 17 मई को कडरी, 20 मई को धमनी, 22 मई को मदनपुर, 24 मई को पौंसरी, 27 मई को सेंदरी, 29 मई को दगौरी और 31 मई को बेलतरा में शिविर लगेंगे। मस्तुरी विकासखण्ड में 5 मई को जयरामनगर, 7 मई को खम्हरिया, 9 मई को परसावेद, 13 मई को धनियां, 17 मई को ओखर, 20 मई को जोंधरा, 22 मई को पचपेड़ी, 24 मई को कौडिया, 27 मई को सोन, 29 मई को बकरकुदा और 31 मई को भरारी में समाधान शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार तखतपुर विकासखण्ड में 6 मई को बांधा, 8 मई को बेलपान, 10 मई को बीजा, 14 मई को जरौंधा, 16 मई को गिरधौना, 19 मई को बहतराई, 21 मई को नेवरा, 26 मई को लोखण्डी, 28 मई को भरनी एवं 30 मई को छतौना में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। कोटा विकासखण्ड में 6 मई को धूमा, 8 मई को अमने, 10 मई को शिवतराई, 14 मई को नवागांव सल्का, 16 मई को करवा, 19 मई को आमागोहन, 21 मई को मझगवां, 26 मई को चपोरा, 28 मई को मेलनाडीह और 30 मई को कलमीटार में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिले में इस समय 688 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें हैं संचालित, प्रति दुकान 15 सौ रुपए की वसूली

गरीबों के राशन में हर महीने लाखों का बट्टा, स्टाक का घोषणा पत्र ऑनलाइन जमा करने के नाम पर वसूली

बिलासपुर/नवप्रदेश। गरीबों के राशन में हर महीने लाखों का बट्टा लगाया जा रहा है। महीने के स्टाक का घोषणा पत्र ऑनलाइन जमा कराने के नाम पर दुकान संचालकों से 15 सौ से दो हजार की वसूली हो रही है। स्टाक घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर आवंटन रूक जाने का डर इस अवैध वसूली की वजह बन गया है।

जिले में इस समय करीब 688 पीडीएस दुकानें संचालित हैं। दुकान संचालकों से हर महीना घोषणा पत्र ऑनलाइन भरवाया जाता है, जिसमें उन्हें महीने के स्टाक की जानकारी देनी होती है। आवंटन रूकने के डर से 15 सौ से दो हजार वसूल किए जा रहे हैं। घोषणा पत्र दुकान संचालक कहीं से भी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं, लेकिन खाद्य विभाग के अधीन ऐसी व्यवस्था बना ली गई है, रूपए वसूल किए जा सकें। बिलासपुर जिले में हर महीने 10 लाख रुपए की वसूली हो रही है। पीडीएस दुकान संचालक खाद्य विभाग की मनमानी से परेशान है। वे इसका विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि ऐसा करने पर दुकान उनके हाथ से छीन ली जा सकती है। वर्ष 2015 तक रजिस्टर में ही राशन वितरण का हिसाब-किताब रखा जाता था। बाद में इसे ऑनलाइन जमा करना जरूरी कर दिया गया। हर महीने दुकान संचालकों को वितरण और स्टाक जानकारी ऑनलाइन जमा करनी पड़ती है। यह काम दुकान संचालक कहीं से भी कर सकते हैं लेकिन खाद्य निरीक्षकों के द्वारा आईडी नहीं दी जाती। घोषणा पत्र भरने के लिए जगह निश्चित कर दी गई है। घोषणा पत्र ऑनलाइन वहीं से जमा किया जा सकता है। इसके लिए दुकान के लिए निर्धारित राशन के कोटे के हिसाब से दो से तीन हजार रुपए की रकम तय कर दी गई है।

जांच कराएंगे, होगी कार्रवाई

इस मामले में कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि घोषणा पत्र दुकान संचालकों से हर महीना ऑनलाइन जमा क्यों कराया जाता है। इसके नाम पर यदि किसी प्रकार की वसूली हो रही है तो शिकायत करें। जांच कराएंगे और उचित कार्रवाई की जाएगी।

तय रकम जमा करने पर ही घोषणा पत्र स्वीकार्य

जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन करने वालों से घोषणा पत्र आनलाइन जमा करने के नाम पर हो रही वसूली के बारे में पूछने पर दुकान संचालकों ने नाम नहीं छापने की शर्त रखी और बताया कि हमें हर महीना वितरण और स्टॉक बताने के लिए ऑनलाइन घोषणा पत्र जमा करना पड़ता है। हम खाद्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई जगह पर घोषणा पत्र के साथ रूपए जमा कर देते हैं। ऐसा लम्बे समय से चला आ रहा है। कई दुकान संचालकों को यह मालूम भी है कि घोषणा पत्र वे कहीं से भी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं पर वे खाद्य विभाग की व्यवस्था के खिलाफ जाकर दुकान नहीं चला सकते।

तखतपुर विकासखंड के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक संघ के ब्लाक अध्यक्ष ऋषि उपाध्याय ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान के लिए जो आबंटन शासन से प्राप्त होती है उसमें घोषणा पत्र भरने का कोई प्रावधान नहीं है। खाद्य विभाग के द्वारा हर महीना घोषणा पत्र ऑनलाइन जमा कराया जाता है, जो समझ के परे है।

एयरपोर्ट में की गई एंटी हाईजैक मॉक ड्रिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट पर आज सफलतापूर्वक एंटी हाईजैक मॉक ड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह ड्रिल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन के गाइडलाइंस के अनुसार साल में एक बार किया जाता है। एयरक्राफ्ट हाईजैक की सूचना मिलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के द्वारा तत्काल एयरोड्रोम कमिटी चेयरमैन जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को फोन पर सूचित किया गया। इसके पश्चात एयरोड्रोम कमिटी के सारे अधिकारी एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी, एयरपोर्ट के डायरेक्टर, सीएसओ, कासो, एयरलाइंस स्टेशन मैनेजर, भाषा विज्ञानी एवं स्थानीय थाने के अधिकारी एंटी हाईजैक रूम एकत्रित हुए। एयरक्राफ्ट के अन्दर कुल 70 यात्री सवार थे। हाईजैकर से उनकी मांगों का समझौता अधिकारियों के द्वारा किया गया इसी बीच एयरपोर्ट की क्यूआरटी टीम के द्वारा 02 हाईजेकर में से 01 हाईजेकर ढेर कर दिया गया एवं बचे हुए 01 हाईजेकर को दबोच लिया गया। इस पूरी ड्रिल को जिला दंडाधिकारी महोदय के मिनिट टू मिनिट निगरानी में संपन्न किया गया। इस ड्रील में एयरपोर्ट पर वास्तविक रूप से आतंकवादियो के द्वारा विमान की अपहरण की घटना की स्थिति से निपटने एवम यात्रियों को सुरक्षित कैसे निकाला जाता है उसका उसका अभ्यास किया जाता है।

धर्मांतरण का विरोध करने पर एफआईआर से आक्रोश, सिविल लाइन थाने में किया प्रदर्शन

■ सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठन के लोगों ने की गिरफ्तारी की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में हिंदू संगठनों का आज जमकर आक्रोश देखने को मिला। हिंदू संगठनों ने सिविल लाइन थाने का घेराव कर दिया। प्रदर्शनकारी इस दौरान करीब एक घंटे तक थाने के मेन गेट को घेरकर प्रदर्शन और नारेबाजी करते रहे।

बताया जा रहा है, धर्मांतरण का विरोध करने पर हिन्दू संगठन से जुड़े रामसिंह पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। बीते दिनों राजेंद्र नगर चौक के पास प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण की सूचना पर हिन्दू संगठन ने मौके पर दबिश देकर इसका विरोध किया था। जिसके बाद पुलिस ने धर्मांतरण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसी मामले में कुछ दिन पहले दूसरे पक्ष के शिकायत पर पुलिस ने हिंदू संगठन से जुड़े रामसिंह ठाकुर पर भी एफआईआर दर्ज कर लिया। इसी के विरोध में रामसिंह सहित हिन्दू संगठन से जुड़े लोग आज खुद अपनी गिरफ्तारी देने सिविल लाइन थाने पहुंच गए। यहां रामसिंह के साथ सभी हिंदुओं को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा मचाया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किया। हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि, धर्मांतरण का विरोध करने पर उनके खिलाफ पुलिस जबरिया कार्रवाई कर रही है, जबकि पुलिस के साथ उन्होंने धर्मांतरण के इस मामले का पर्दाफाश किया था। इधर, हिन्दू संगठनों के आक्रोश और हंगामे के बीच पुलिस ने हिंदू नेता रामसिंह को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, जमानती प्रकरण होने के कारण थाने से ही मुचलके पर ही उसे बाद में छोड़ भी दिया गया।

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 10 जुलाई तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार के लिए वर्ष 2026 हेतु 31 जुलाई तक ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन नामांकन https://awards.gov.in के माध्यम किया जा सकता है। यह पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान, इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

जनता के बीच पहुंचे भाजपा नेता सूर्या, मस्तूरी में किया जनसंपर्क

मस्तूरी /नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति स्वास्थ्य परिवार कल्याण प्रतिनिधि सूर्या ने मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों और स्वास्थ्य केंद्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं। दौरे के क्रम में श्री सूर्या ने मल्हार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लोहारसी उप स्वास्थ्य केंद्र, चिल्हाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, और जोंधरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य केन्द्रो में इलाज के लिए आए हुए लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं पूछा कि क्या उप स्वास्थ्य केदो में ठीक इलाज हो पा रहा है, सही दवाई मिल पा रहा है, स्वास्थ्य केन्द्रो में बैठे डॉक्टर का व्यवहार कैसा रहता है उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात श्री सूर्या ने कुकुरदी कला सहित आसपास के ग्रामों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से भेंट की। उन्होंने पेयजल सड़क बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं और अन्य स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों ने अपनी दिक्कतें खुलकर उनके समक्ष रखीं। इस दौरान श्री सूर्या के साथ जिला पंचायत प्रतिनिधि खिलावन पटेल क्रमांक 14 मिट्ठू प्रजापति वरिष्ठ नेता भाजपा लोकनाथ बंजारे और तिलक राम मिर्जा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सोनसरी ग्राम में उन्होंने सरपंच बिनदा लाल दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनहितैषी कार्यों को गति देने पर विचार विमर्श किया।

अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के 3 महिला सहित 5 सदस्य गिरफ्तार

140 ग्राम सोने के जेवर, 3 किलो चांदी के जेवर, 94 हजार नकदी सहित 20 लाख बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। अन्तर्राज्यीय ठग, चोर गिरोह के 3 महिला सहित 5 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से करीब 14 लाख रू किमत के 140 ग्राम सोने के जेवर, 03 कि.ग्रा. चांदी के जेवर, नगदी रकम 94 हजार रू चोरी के लिये उपयोग में लाये मारूती बलेनो कार जुमला किमती करीब 20 लाख रू बरामद किया गया। घटना के 48 घण्टे के भीतर टेक्निकल इन्पुट के आधार पर संदिग्धो की पहचान बाद बिलासपुर पुलिस अन्तर्राज्यीय गिरोह तक पहुँची । आरोपी रायपुर, राजनांदगांव सहित बिलासपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ज्वेलरी दुकानो में चोरी करते थे। पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली अंतर्गत हिम्मत लाल ज्वेलर्स गोल बाजार बिलासपुर में दोपहर करीब 11.30 बजे दो महिला ज्वेलरी शॉप में आकर नकली सोना को असली बताकर उसके एवज में 42.3 ग्राम असली सोना किमती 4,55,000 रू एवं नगदी रकम 13,572 रू ठगी कर लेने की रिपोर्ट पर उपरोक्त प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। घटना की सूचना पर संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेन्ज बिलासपुर, रजनेश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में तत्काल कार्यवाही करने व आरोपीयो को पकडने निर्देश दिए थे।

डिफेंस ताइक्वांडो में प्रिंस राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगा जौहर

सीपत/नवप्रदेश। 23 से 26 अप्रैल तक केन्द्रीय विद्यालय ताइक्कांडो चैंपियनशिप स्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें डिफेंस ताइक्कांडो क्लब मोपका के बच्चों का प्रदर्शन जोरदार रहा। प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए। जिसमे प्रिंस चंद्रा स्वर्ण पदक, वैष्णवी चंद्रा, हर्षिता कुमारी, अंश वर्मा, नैना भगत ने रजक पदक हर्षित वर्मा, खुशी पात्रे, ज्योति वानी, ख्वाहिश पात्रे ने कांस्य पदक जीते। डिफेंस ताइक्कांडो क्लब के संचालक एवं कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि प्रिंस चंद्रा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है ये छात्र राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने से पूरे जिले को गौरवांवित किया है।

मौसम | मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होने की जताई संभावना

आज गरज-चमक के साथ पड़ सकती हैं बौछारें, ओलावृष्टि की भी संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में आज भी लोगों को गर्मी से राहत बने रहेगी। पिछले कुछ दिनों से अधिकांश क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होने की संभावना जताई है। आज भी कई जिलों में अंधड़ चलने, व्रजपात और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। बीते 24 घंटों में सबसे अधिकतम तापमान दुर्ग में 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश से उत्तर तमिलनाडु 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। उत्तर-दक्षिण द्रोणिका उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्रों से ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु होते हुए दक्षिण तमिलनाडु तक औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है। जिसके चलते आज कुछ इलाकों में हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवा (40-50 किमी/प्रति घंटे) चलने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में और सबसे कम न्यूनतम तापमान

आकाश मेघमय रहेगा बादल गरजेंगे

बिलासपुर में आज आकाश आंशिक मेघमय रहने तथा बादल गरजने और चमकने के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

सुविचार

अकेले कैसे रहा जाता है, यह सिखाने के लिए ही कुछ लोग हमारी जिंदगी में आते हैं। - अज्ञात

भारतीय सेना को कार्यवाही की खुली छूट

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से यह तय हो गया था कि भारत इसका बदला जरूर लेगा। देशभर से लगातार यह मांग भी उठती रही है कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्यवाही करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि इस आतंकी घटना के खिलाफ ऐसी सजा दी जाएगी जो हमेशा दुश्मनों को याद रहेगी। इस बाबत् सर्वदलीय बैठक में भी भारत की सभी राजनीतिक पार्टियों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर सरकार को भरोसा दिया था कि उसके हर फैसले में विपक्ष सरकार के साथ है इसके बाद ही सरकार ने सिन्धु जल समझौता स्थगित करने के साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ और भी कई कदम उठाये थे। इतने से ही पाकिस्तान की हालत खराब हो गई और पाकिस्तान की सेना ने सीजफायर का उल्लंघन कर अकारण गोलीबारी शुरू कर दी है। पाकिस्तान के हुक्मरान भारत को उकसाने के लिए लगातार गीदड़ भभकी दे रहे हैं ऐसे में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस की जा रही है। यही वजह है कि अब भारत ने भी पाकिस्तान को सबक सिखाने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में तीनों सेना प्रमुखों की एक लंबी बैठक हुई और पीएम मोदी ने सेना को आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करने की खुली छूट दे दी है। पीएम मोदी ने कहा है कि इसके लिए सेना खुद अपना टारगेट और टाइम तय कर ले उन्हें सेना पर पूरा भरोसा है। पीएम मोदी द्वारा सेना को दी गई खुली छूट के बाद अब पाकिस्तान के खिलाफ कभी बड़ी सैन्य कार्यवाही की जा सकती है। इस आशंका के चलते पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहबाज शरीफ की हालत इस कदर खराब हुई है कि उन्हें पाकिस्तानी सेना के अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर पिछले कई दिनों से बंकर में छुप कर बैठा है इसके बावजूद पाकिस्तान के हुक्मरान भारत को जंग की चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम शरीफ जो पाकिस्तान के पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री है उसने भी भारत को परमाणु बम की धमकी दी है पाकिस्तान में हालत यह है कि वहां के लोगों की नींद हराम हो गई है उन्हें यह डर सता रहा है कि भारतीय सेना कभी भी पाकिस्तान पर हमला कर सकती है। पाकिस्तान ने भारत के संभावित हमले से निपटने के लिए अपने दोस्त चीन से मदद की गुहार लगानी भी शुरू कर दी है। पाकिस्तान के हुक्मरान यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि वे भारत का मुकाबला नहीं कर सकते जुबानी जंग लड़ना अलग बात है। यदि जंग हुई तो भारत के आगे पाकिस्तान कहीं नहीं टिक पायेगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले ही बद से बदतर हो चुकी है और वह दिवालिएपन की कगार पर पहुंच गया है। वैसे भी पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात बन गये हैं। तालिबान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और पाक अधिकृत कश्मीर में भी बगावत की आंधी चल रही है। ऐसे में यदि जंग होती है तो पाकिस्तान एक सप्ताह भी भारत का मुकाबला नहीं कर पाएगा। बहरहाल भारत ने अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने का निश्चिय कर लिया है और इसी के साथ अब पाकिस्तान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कभी भी पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना बड़ी कार्यवाही कर सकती है।

बसपा सुप्रीमो मायावती का आव्हान

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देश की सभी राजनीतिक पार्टियों से आव्हान किया है कि वे देश के मौजूदा हालातों को मद्देनजर रखकर सरकार के साथ खड़े हों। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के नेताओं की विवादास्पद बयानबाजी तथा पोस्टरबाजी की निंदा करते हुए कहा है कि यह देश के हित में नहीं है। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी ने अपने एक्स पर एक विवादास्पद पोस्टर जारी किया था जिसमें गायब शीर्षक से यह दिखाया गया है कि पीएम मोदी का सिर गायब है इस पोस्टर को लेकर बवाल मच गया और भाजपा ने कांग्रेस को पाकिस्तानी पार्टी तक बता दिया। इस पर विवाद बढ़ने के बाद कांग्रेस ने एक्स से अपना यह पोस्टर हटा लिया है। कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता भी पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सवाल पूछने के नाम पर सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं और विवादास्पद बयानबाजी कर रहे हैं। इसी पर मायावती ने यह टिप्पणी की है कि विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ी हो। वास्तव में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों को असदुद्दीन ओवैसी से सिखना चाहिए जिन्होंने सरकार पर कोई सवालिया निशान नहीं लगाया है और पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान मलेरिया की एक टेबलेट तक नहीं बना सकता जबकि भारत बहुत आगे है। पाकिस्तान को भारत से पंगा नहीं लेना चाहिए। इसी तरह पूर्व कांग्रेसी नेता गुलाम नबी अजाद ने भी कहा है कि इस समय देशवासियों को सिर्फ प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री की ही बात सुननी चाहिए। अब यह तो लगभग तय हो चुका है कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ जल्द ही बड़ी सैन्य कार्यवाही करने जा रहा है ऐसी स्थिति में सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुटता दिखानी चाहिए जैसा की उन्होंने सर्वदलीय बैठक में सरकार को साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया था।

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

गूंज की अनुगूंज

विजय कुमार गुप्ता

नकल की अकल है, जुबान अटल नहीं
अगन की लगन से, आग ही लगाते हैं।
तुलना है हीर जैसे, बन सके नहीं वीर
सम्मान चीर तीर से, पत्थर चलाते हैं।
रावण आया रण में, कारण सत्ता हरण
अकारण वेश भेष, धारण कराते हैं।
आचरण आवरण, भरण पोषण ऐसा,
आक्रमण चलन से, मारण करवाते हैं।
हार उपहार से ही, मिल जाए उपचार,
सहकार उपकार, दिखाते सुधार हैं।
राष्ट्र को संवार रहे, तलवार की धार से
गूंज की ही अनुगूंज, दमदार पाते हैं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:53, सूर्यास्तः : 06:55, चन्द्रोदय : 07:13, चन्द्रास्त :22:14, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : गर (14:12 तक), द्वितीय करण : वणिज (24:43 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मिथुन (27:14 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनिः मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 13:26 से 14:52, सर्वार्थ सिद्धि योग : पूरे दिन, रवियोग : 16:18 से 29:34, विजय मुहूर्त : 14:27 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त : 18:52 से 19:14, सायाह्न सन्ध्या : 18:54 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:35+, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:15 से 08:55, दुर्मुहूर्त : 11:48 से 12:41, होमाहुति : सूर्य (16:18 से बुध),दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पश्चिम (16:18 तक), अग्निवास : पृथ्वी (14:12 तक)।

छगन लोन्हारे
उप संचालक (जनसंपर्क)

मुख्यमंत्री द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना प्रदेश के सभी जिलों में प्रारंभ करने की घोषणा की गई है, जिसके परिपालन में इस वर्ष 13 जिलों में 31 भोजन केंद्र प्रारंभ किए जा चुके हैं। जिसका विस्तार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त जिलों में किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों एवं निर्माण श्रमिकों के पंजीयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर मोबाईल कैम्प लगाए जाने की पहल विभाग द्वारा की गई है। अब तक 4 हजार 705 मोबाईल कैम्प लगाए जा चुके हैं। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु चालू वित्तीय वर्ष में 6 करोड़ 24 लाख 25 हजार रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। श्रम विभाग के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं का मुख्य दायित्व श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी चिकित्सा हित लाभ उपलब्ध कराया जाता है। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के लिए 64 करोड़ 18 लाख रूपए का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विशेष

अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। श्रम विभाग के तीनों मंडल - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ.ग. श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है।

इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित किए जा चुके हैं।

प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार के सुशासन में अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार किट योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही है। प्रदेश के श्रम मंत्री देवांगन का कहना है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर हाथ को काम इस दिशा में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्रम विभाग के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 255 करोड़ 31 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

मजदूर दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस या श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संकल्प लेना है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके संघर्षों को सम्मानित करने के लिए भी मनाया जाता है।

यह दिवस वर्ष 1886 में शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की याद में मनाया जाता है, जहां अनेक श्रमिकों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग की थी। सन् 1889 में, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में घोषित किया था।

इस दिन को मनाने का उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करना, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए आवाज बुलंद करना है। भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1923 में चेन्नई (मद्रास) से हुई थी। भारतीय संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर ने श्रमिकों के काम का समय 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया।

इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को प्रसूति अवकाश की सुविधा उपलब्ध कराई।

श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत अटल श्रम सशक्तिकरण योजना के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में 125 करोड़ 10 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह वर्ष 2025-26 में पंजीकृत 2 लाख 26 हजार संगठित श्रमिकों के लिए राज्य शासन के अनुदान हेतु 6 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि विष्णु देव सरकार की सोच है कि हर हाथ को काम मिले उसका उचित दाम मिले और हर पेट को अन्न मिले यह हमारी सरकार की आदर्श नीति है। इस नीति को क्रियान्वित करने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना प्रदेश के सभी जिलों में प्रारंभ करने की घोषणा की गई है, जिसके परिपालन में इस वर्ष 13 जिलों में 31 भोजन केंद्र प्रारंभ किए जा चुके हैं।

जिसका विस्तार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त जिलों में किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों एवं निर्माण श्रमिकों के पंजीयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर मोबाईल कैम्प लगाए जाने की पहल विभाग द्वारा की गई है। अब तक 4 हजार 705 मोबाईल कैम्प लगाए जा चुके हैं।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु चालू वित्तीय वर्ष में 6 करोड़ 24 लाख 25 हजार रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। श्रम विभाग के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं का मुख्य दायित्व श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी चिकित्सा हित लाभ उपलब्ध कराया जाता है। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के लिए 64 करोड़ 18 लाख रूपए का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किया गया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1886 में आज ही के दिन अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल और मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी। 1897 में आज ही के दिन स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। 1908 में आज ही के दिन प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी थी। 1914 में कार निर्माता फोर्ड पहली ऐसी कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए 8 घंटे काम करने का नियम लागू किया था। 1923 में भारत में मई दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी।1956 में जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई थी। 1960 में महाराष्ट्र और गुजरात अलग-अलग राज्य आज ही के दिन बने थे। 1972 में आज ही के दिन देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण हुआ था। 2009 में आज ही के दिन स्वीडन ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी दी गई थी। 2011 में आज ही के दिन अमेरिका पर 2001 के हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि हुई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जब मन उलझ

जब मन उलझ जाए... और कुछ समझ न आए, तो दूसरों से नहीं, थोड़ी देर ईश्वर से बात करो। हर सुबह कुछ पल एकांत में बैठो, और बस इतना कहो 'भगवान, बताइए... मेरे लिए सही क्या है?' वो जवाब देंगे, शब्दों में नहीं, लेकिन अहसासों में। और हाँ... रास्ता धीरे-धीरे साफ़ होने लगेगा।

- अरूणा राव

मन का रेगिस्तान

मन का रेगिस्तान यादों की तपती धूप और अकेली चली जा रही हूँ मैं मौन निःशब्द अचानक ठंडी हवा के झोकों सी मीठी यादें छम-छमा कर बरसी और भिंगो गई तन-मन गीली आँखें गीला मन सिक्त हृदय तृप्त आत्मा......

- डेज़ी जयसवाल

ख़ास पाती

नाचन को राजी भई त नाच

नाचन को राजी भई त नाच नचावैं दुनिया मगन भई ना प्रेम में ना मुग्ध भई रामै नाम नाचत बीत गयो उमरिया पाँव ना ठहरन पाए थिरकत थिरकत उम्र गई हिरदय कबहुं थिरक ना पाए का कपाले लिखो हो भगवन बांदर मदारी नचाए घुँघरू चुभैं गड़त रहैं कबहुँ बज ना पाए नाच नचाए हमका सबैं देखो खुद नाचे त नचनिया कहाए। नृत्य दिवस की बधाइयाँ - **प्रीति श्रीवास्तव**

एक जमाना था जब, तुम पर मरते

एक जमाना था जब, तुम पर मरते थे क्या सही क्या गलत कुछ खयाल नहीं, बस, तुम्हारे ही खयालों में खोए रहते थे, तुम कहो दिन तो दिन तुम कहो रात तो रात इतना यकीन तुम पर किया करते थे जो हमारा यकीन था वही तुम्हारा मज़ाक तुम्हारी दिल्लगी नादान हम जान ही नहीं पाए,तुम्हारी दुनिया अलग और हमारी दुनिया अलग थी दिल भूला नहीं, बस टीस थी एक क्यों... आखिर क्यों अब फिर जब तुम कहते हो हम तेरे बिन अब जी नहीं सकते, एक सुकून है दिल में, अपने वजूद का, अपने अस्तित्व का..। - **डॉ. अर्चना खंडेलवाल**

बढ़े हुए आतंक से, खौल उठा है

बढ़े हुए आतंक से, खौल उठा है खून। नहीं बचेगा पाक तू, देगा भारत भून।। शंकर भोलेनाथ का, राम-कृष्ण का देश। धरती है हनुमान की, जो हरते हैं क्लेश।। ताकतवर अति शेर है, अपना हिंदुस्तान। भाई हम सब एक हैं, चलते सीना तान।। पड़ा चीन के फेर में, बिलकुल है नादान। गीदड़ भभकी दे रहा, नाहक पाकिस्तान।। अब तो पाकिस्तान के, सिर पर बैठा काल। ध्वस्त इरादे कर रहे, भारत मां के लाल। **-राजकुमार धर द्विवेदी**

हमने अपने शंकित मन को, खुद से

हमने अपने शंकित मन को, खुद से ही समझाया है। यश, अपयश, सब विजय, पराजय, हँसकर नित अपनाया है। कोसा कभी न अंधकार को, डरे नहीं हम रातों से। गली-गली हर डगर-डगर पर, नूतन सूर्य उगाया है।। अपना समझा जिनको हमने, उनसे चोट मिली हमको। हमने साँपो को विवरों में, गोरस बहुत पिलाया है।। पीड़ाओं को पी जाने की, कला सीख ली है हमने। बाहर-बाहर हँसकर हरदम, भीतर दर्द छिपाया है।। गणित और विज्ञान विषय ने, हमको उलझाया हरदम। गीता, मानस, उपनिषदों में, रस जीवन का पाया है।। बाधाओं ने खूब छकाया, संघर्षों ने भी तोड़ा। तब जाकर दुनिया में हमने, नव इतिहास बनाया है।। - **दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

युद्धकाल का समय है... आप

युद्धकाल का समय है... आप हम की भी जिम्मेदारी है.... कि सोशल मीडिया पर जो भी... देशविरोधी कंटेंट या अनर्गल... आरोप प्रत्यारोप वाली पोस्ट/कमेंट दिखाई दें... तो उसका तुरंत स्क्रीन शॉट ले.... और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाएं... लात के भूत बात से नहीं मानते.. ,दंड आवश्यक है..! - **कुमार संतोष**

होड़ लगल बा बने के ,बनीं

होड़ लगल बा बने के ,बनीं कवि दरबारी। चमचागिरी खूब करीं, बनल कवि सरकारी।। पाकिट अपन भरत रहीं, भोजपुरी के नांव। लोग मूरख बड़ले बा, सगरी शहरे - गांव।। बोई बिया नफरत के, चलीं सियासी चाल। सोसल साइट प रउआ, बजाईं अपन गाल।। - **'ऐनुल' बरौलवी**

QUIZ TIME

1) डोंगरिया कोंध जनजाति किस राज्य में पाई जाती है?

2) किस सिक्ख गुरु ने गुरु नानक की जीवनी लिखी थी?

3) कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसका निर्णय राज्य में कौन करता है?

4) कौन सा भारत का विश्व स्तर पर स्वीकृत राष्ट्रीय हॉटस्पॉट है?

5) 27 मार्च 2025 को किसने नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ओडिशा (2) गुरु अंगद देव (3) विधान सभा का अध्यक्ष (4) हिमालय, इंडो-बर्मा और पश्चिमी घाट (5) नेतुम्बो नंदी-नदैतवा

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप घरेलू संबंधों अथवा कार्यो को लेकर अत्यंत लापरवाह रहेंगे हाथ, कान संबंधित समस्या रह सकती है।

वृषः आज के दिन आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे आपका स्वभाव पल पल में बदलने से लोग आपके ऊपर विश्वास नही करेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपको कार्य क्षेत्र पर कल जैसी अनुकूलता नही मिलेगी फिर भी छोटे मोटे कार्यो में सफलता मिलने से धन की आमद निश्चित होगी।

कर्कः आज का दिन आपको सामाजिक क्षेत्र से मान-सम्मान दिलाएगा आप भी आज परोपकार में रुचि लेंगे।

सिंहः आज का दिन आपको कामना पूर्ति के अवसर देगा लेकिन आलस्य और लापरवाही इसमे बाधक भी बनेगा इनसे बचने का प्रयास करे तो दिन से आशाजनक लाभ उठा सकते है।

कन्याः आज के दिन सुख शांति की चाह में रहेंगे लेकिन फल इसके विपरीत ही मिलेगा।

तुलाः आज के दिन भी सेहत का साथ कम मिलेगा लेकिन बीते कल की तुलना में सुधार भी आयेगा।

वृश्चिकः आज का दिन शुभफलों की प्राप्ती कराएगा। कई दिनों से चल रही योजना अथवा मनोकामना के आज पूर्ण होने से मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे।

धनुः आज का दिन आपके लिये धूप छांव जैसी परिस्थिति बनाएगा एक पल में किसी शुभ समाचार से उत्साहित होंगे तो अगले ही पल किसी अन्य कारण से निराशा बनेगी।

मकरः आज के दिन आप अधिक स्वाभिमानी रहेंगे। बुद्धि विवेक का परिचय हर क्षेत्र पर देंगे पराक्रम शक्ति भी प्रबल रहेगी किसी का सहयोग जल्दी से नही लेंगे।

कुंभः आज आपको धैर्य से काम लेने की सलाह है मानसिक संतुलन कम रहेगा स्वयं कुछ भी कहेंगे।

मीनः आज का दिन भी आपके लिये कुछ न कुछ लाभ देकर जाएगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 033का हल

ज	दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		वी
न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	न
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग		सं	त	ति		भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल डेका से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से यहां राजभवन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के नवनियुक्त कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल डेका से छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने सौजन्य भेंट की और आयोग की गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर आयोग के सचिव प्रतीक खरे उपस्थित थे।

त्रिमूर्ति क्लब ने पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। त्रिमूर्ति क्लब सुंदर नगर की बैठक अध्यक्ष सीके पांडेय और सचिव केके वर्मा के संयोजन में रखी गई। इसमें पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मारे गए सभी 28 पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के सचिव सीके पांडेय ने कहा यह आतंकवादियों की कायराना करतूत है। हमें इस बात का पूरा भरोसा है कि पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेसदार एक-एक दोषियों को सरकार अतिशीघ्र सजा देगी। इस अवसर पर केके वर्मा, गोपाल गुप्ता, सुनील गनौदवाले, श्रीनाथ विश्वकर्मा, एमके गोल्हानी, बीएल चौबे, अनिल कुमार अवधिया, रमेश कुमार ठाकुर, सत्यनारायण तिवारी और वासुदेव दाते शामिल हुए।

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ मनाया चैत्र गौरी हल्दी कुमकुम

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के कोटा महिला केंद्र की सभासदों ने चैत्र गौरी हल्दी कुंकू धूमधाम के साथ मनाया।केंद्र की सदस्य मोहिनी भिड़े के घर पर चैत्र गौरी हल्दी कुंकू के साथ गोपाल काला का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में केंद्र की महिलाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र की सदस्यों ने दीप प्रज्जवलन और चैत्र गौरी की पूजा- अर्चना के साथ की। इसके उपरांत सभी ने एक- दूसरे को हल्दी लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। तदोपरांत हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस दौरान कुसुम मल्लेवार, माधुरी इंगोले, वीणा जकाते, अरुणा, आकांक्षा गद्रे, अलका मराठे, सुदक्षणा शेंडे, गौरी मोकासदार सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

सीईओ ने पंडरी, राजातालाब-कालीबाड़ी चिकित्सालय का किया निरीक्षण

- **हीट स्ट्रोक वार्ड का भ्रमण कर जाना मरीजों का हाल, दवा उपलब्धता की जानकारी ली**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन द्वारा जिला चिकित्सालय पंडरी, हमर अस्पताल राजातालाब और मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला चिकित्सालय पंडरी के निरीक्षण के दौरान सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने सर्वप्रथम हीट स्ट्रोक वार्ड का भ्रमण कर वहां भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके उपरांत ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर का निरीक्षण कर नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की गई। वहां उपस्थित स्टाफ द्वारा स्कैन शेयर प्रणाली की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त, सीटी स्कैन, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी कक्ष का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। दवाई वितरण कक्ष में उपस्थित फार्मासिस्ट से औषधियों की उपलब्धता एवं ऑनलाइन इंडेंट व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई।

मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, कालीबाड़ी

जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन ने मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी में ओपीडी पंजीयन कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में उपस्थित डॉ. निधि गुप्ता द्वारा वहां भर्ती नवजात शिशुओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही अलग से स्थापित 10 बिस्तर को संचालित करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन की मांग से संबंधित जानकारी दी गई।

सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों के फीडिंग डेमोंस्ट्रेशन और उनको दिए जाने वाले आहार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बच्चों के माताओं को बच्चों के आहार के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने निर्देशित किया।

हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजातालाब

हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजातालाब में सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन ने ओपीडी पंजीयन कक्ष, दवा वितरण कक्ष में दवाईयों की उपलब्धता, प्रसव कक्ष, सोनोग्राफी लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। इस दौरान मेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पर चर्चा की गई।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. संतोष कुमार भंडारी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. वी.के. झा सहित अन्य डॉक्टर एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

सरचार्ज राशि का भुगतान अब 30 जून तक होगा जमा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण में इस माह अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री नंदकुमार साहू ने आज पहली बैठक संचालक मंडल की बैठक में जनहित में दो फैसले लिए। पहले फैसले में प्राधिकरण व्दारा सरचार्ज राशि में 31 मार्च 2025 तक दी गई सरचार्ज में छूट की अवधि को बढ़ाकर 30 जून 2025 कर दिया है। वहीं दूसरे लोकहित के निर्णय में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर,सरोना, रायपुरा और बोरियखुर्द योजना में पूर्व में निरस्त किए गए फ्लैट्स को आवंटितियों की मांग पर बकाया राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित राशि का भुगतान किए जाने पर फ्लैट्स का आवंटन पुर्नबहाल कर दिया जाएगा।आरडीए अध्यक्ष श्री नंदकुमार साहू की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय में हुई पहली संचालक मंडल की बैठक में नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा व्दारा प्रस्तुत जनहित में दोनों प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया। कुछ समय पूर्व आवंटित फ्लैट्स के मामले में यह निर्णय लिया गया कि पंजीयन कराकर राशि किस्त जमा नहीं करने वाले लोगों के आवंटित फ्लैट्स को रद्द कर उसे विज्ञापन के माध्यम से विक्रय किया जाए। इसमें कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना में 118 फ्लैट्स और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा में 102 फ्लैट्स का पुनःआवंटन किया जाएगा।आवंटितियों को सरचार्ज राशि में 2.62 करोड़ रुपए का लाभ मिलासरचार्ज की छूट में प्राधिकरण की पुरानी योजनाओं के आवासीय और व्यवसायिक संपत्तियों के अतिरिक्त कौशल्यामाता विहार योजना, इन्द्रप्रस्थ रायपुरा तथा बोरियाखुर्द योजना के प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत निर्मित फ्लैट्स व ईड्ब्लूएस रोहाऊस मकानों के लिए सरचार्ज राशि में पूर्व में दी गई छूट की अवधि अब 30 जून 2025 तक बढ़ा दी गई है।

हम भी बस्तर में शांति चाहते है लेकिन बस्तर के लोगों के जान माल से समझौता नहीं : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। इंद्रावती बचाव अभियान के दूसरे दिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हम भी बस्तर में शांति चाहते है, लेकिन बस्तर के आदिवासियों के जान माल से समझौता नहीं करेंगे। क्या नक्सलियों के आड़ में आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन और संसाधन को छीनने की साजिश तो नही हो रही? हम शुरू से शंका करते रहे है और यह सब इस सरकार में हुआ भी है। बैलाडीला के संसाधन और पहाड़ को निजी हाथों में बेच दिया गया। कांकेर खदानों को बेच दिया। क्या गारंटी है कि बस्तर के संसाधन पूंजीपति मित्रों को नहीं सौंपे जायेंगे? भाजपा को इसकी गारंटी देनी चाहिये है। लेकिन भाजपा सरकार ने नक्सलवाद के आड़ में अपने चेहते उद्योगपतियों के लिये संसाधनों को लूटने के लिये रास्ता खोला है। तोखन साहू को बस्तर के बारे में कुछ पता नही और बयान दे रहे है हमे बस्तर में शांति चाहिये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार और उड़ीसा में भी भाजपा की सरकार है, तब भी यहां के लोगो को इंद्रावती का पानी क्यों नहीं मिल रहा है? सरकार इस मामले में बिल्कुल गंभीर नहीं है। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा जल समझौते के अनुसार दोनो राज्यो को 50-50 प्रतिशत पानी मिलना चाहिये, लेकिन साय सरकार के निकम्मेपन के चलते उड़ीसा को 80 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ को 20 प्रतिशत पानी मिल रहा है। क्या 20 प्रतिशत पानी बस्तर के लिये पर्याप्त है? इसलिये इंद्रावती नदी को बचाने के लिये हम बड़ी लड़ाई लड़ेंगे, इन्हीं मुद्दों को लेकर हम पदयात्रा के रूप में सड़क की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब हमारी सरकार थी तो हमने प्रस्वात रखा था की बैराज बने, इस मामले में डबल इंजन की सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। अगर सरकार बैराज बनाती है तो आने वाले सालों तक बस्तर में पानी की कमी नहीं होगी। कांग्रेस पार्टी ने जब आंदोलन किया तब सरकार हरकत में आयी और शासन और प्रशासन ने पानी छोड़ने का काम किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कश्मीर की घटना पूरे देश की लिये स्तब्ध करने वाली है, निंदनीय है। सुरक्षा के लेकर बहुत सारे सवाल खड़ा हुआ है? इतने सुरक्षित एरिया में बिना चेकिंग के आगे नही बढ़ सकते है तो वहां हथियार कहां से आया? पुलवामा हमला हुआ उसमें 350 किलोग्राम आरडीएक्स कहां से आ गया यह बहुत बड़ा सवाल है? सुरक्षा देने की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। यह सरकार की नाकामी है। कही न कही यह घटना साजिश भी हो सकती है।

भाजपा सरकार के संरक्षण में

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम से जनता को लूटा जा रहा

- **हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट परिवहन विभाग के अलावा बाहर भी लगाने की छूट दिया जाये**

रायपुर/नवप्रदेश। पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के नाम से मची लूट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम से आम जनता को लूटा जा रहा है परिवहन विभाग से ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अनिवार्यता के चलते आम जनता परेशान हो रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है की परिवहन विभाग में पंजीयन के बाद आम जनता को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट परिवहन विभाग के चिन्हित संस्थाओं के अलावा बाहर से भी लगवाने की छूट दी जाए इससे आम जनता को सस्ते दरों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट मिल जाएगा अन्य राज्यों में जिस दर पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जा रहा है, उसी दर पर छत्तीसगढ़ में भी हाई सिक्योरिटी नंबर लगाना चाहिए।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद रोज नए आदेश देकर जनता को परेशान किया जाता है। परिवहन विभाग में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जो 50 रु से 60 रु में बनता है उसके लिए 10 गुना की वसूली भाजपा की चंदा एवं मुनाफाखोरी का प्रमाण है।

युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूल बंद करके शिक्षकों के पदों को खत्म करने का षड्यंत्र

- **नया सेटअप पूरी तरह से अव्यावहारिक, पहले प्रमोशन फिर ट्रांसफर उसके बाद ही युक्तियुक्तकरण का फैसला ले सरकार**

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के द्वारा स्कूल और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिए गए अव्यावहारिक फैसले का कड़ा प्रतिवाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि साय सरकार ने छत्तीसगढ़ के हजारों स्कूलों को बंद करके शिक्षकों के रिक्त पदों को खत्म करने का षड्यंत्र रचा है। बिना प्रभावित वर्ग, पालकों के प्रतिनिधि और शिक्षक संघों की राय लिए अधिनायकवादी फैसला एकतरफा थोपा जाना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। छत्तीसगढ़ में 57000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है, कई वर्षों से शिक्षक प्रमोशन की बाट जोह रहे हैं, इस सरकार में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर कोई पॉलिसी नहीं बनी है और ऐसे में युक्तियुक्तकरण के नाम पर यह सरकार केवल शिक्षकों का भयादोहन करना चाहती है। प्रदेश में हर महीने सैकड़ो की संख्या में शिक्षक रिटायर हो रहे हैं लेकिन यह सरकार पिछले सवा साल से एक भी पद पर नियमित शिक्षक की भर्ती नहीं कर पाई है, उल्टे विद्या मितान, अतिथि शिक्षक और बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। सरकार की दुर्भावना के चलते स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों की बदइंतजामी सर्वविदित है। भाजपा की सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।

महाराष्ट्र मंडल में बाल विवाह का सवाल ही नहीं: काले

- **मराठी समाज के साथ आमजनों को भी बाल विवाह के खिलाफ किया जाता है जागरूक**

रायपुर/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया के मौके पर महाराष्?ट्र मंडल के अध्?यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि महाराष्ट्रियन समाज में बाल विवाह की प्रथा ही नहीं है। इसके बावजूद मंडल की समूची कार्यकारिणी, विभिन्?न समितियों के पदाधिकारियों समेत महिला केंद्रों के संयोजिकाएं और सह संयोजिकाएं भी समाज में और अपने आसपास बाल विवाह प्रथा के खिलाफ सक्रिय रहते हैं। साथ ही लोगों को सजग भी करते हैं।

काले ने कहा कि महाराष्?ट्र मंडल की ओर से विभिन्?न महिला केंद्रों के माध्?यम से समय-समय पर लगाए जाने वाले संस्?कार शिविर में भी बाल विवाह प्रथा निर्मूलन को लेकर जागरूक किया जाता है। मराठी समाज में यदि अपवाद स्?वरूप कोई बाल विवाह करने की कोशिश करे भी तो न उसे विवाह कराने के लिए पंडित मिलेगा और न ही समाज का कोई मंगल भवन। काले ने कहा कि बाल विवाह आपराधिक कृत्?य है और महाराष्?ट्र मंडल शुरू से ही इसके खिलाफ जागरूकता अभियान चलाते रहा है।

उम्दा अदाकारी ... गिरगिट नामक प्रहसन के मंचन ने तो समस्त साहित्यकारों के अभिनय की दक्षता पर मुहर लगा दी

स्थापना दिवस में बुजुर्गों की प्रस्तुति ने मन मोहा

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा का स्थापना दिवस समारोह वृंदावन सभागार में आयोजित किया गया। स्व शांति यदु का रोपा पौधा यदु परिवार के संरक्षण और संस्था के समस्त सदस्यों के सहयोग से आज विशाल वटवृक्ष का रूप ले लिया है, संस्था को फलता फूलता देख निश्चित ही वो अत्यंत प्रसन्न होंगी। सचिव नीता श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम माँ वीणापाणि के समक्ष अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, कल्पना यदु, मंजु यदु ,अंजु यदु,ब्रिगेडियर प्रदीप यदु के हाथों दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई।

माँ शारदे की सुमधुर वंदना प्रस्तुत की वर्षा रावल ने।इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम ऋचा के पुरूष सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई। और प्रस्तुतियों ने गजब का समां बांधा। प्रथम प्रस्तुति में डॉ चितरंजन कर ने बेहतरीन भजन, गीत, और गज़ल सुनाई जिसके लेखक संगीतकार और प्रस्तुतकर्ता वे स्वयं थे ,तबले पर संगत दिया रूपेन्द्र श्रीवास्तव ने। 87 वर्षीय सुरेंद्र रावल जो उम्दा व्यंगकार भी हैं, ज्ञानदीप शीर्षक नाटक का एकल मंचन कर सभी को हैरत में डाल दिया। इस नाटक के लेखक निर्देशक और प्रस्तुतकर्ता भी सुरेंद्र रावल ही थे। गिरगिट नामक प्रहसन के मंचन ने तो अभिनय करने वाले समस्त साहित्यकारों के अभिनय की दक्षता पर मुहर लगा दी ।

मुख्य भूमिका में थे दिनेश गौतम जिनकी उम्दा अदाकारी ने तो जैसे गिरगिट को जीवंत ही कर दिया। पैरोडी गीत की प्रस्तुति ने जिसमें शादी ना करना यारों का जिक्र था दर्शकों को लोट-पोट होने पर मजबूर कर दिया इसके लेखक व संगीतकार ब्रिगेडियर प्रदीप यदु थे, और प्रस्तुत किया अपने साथी कलाकारों के साथ। शीर्षक लस्सी नामक नाटक ने श्रोतागणों की खूब तालियाँ बटोरी इसके मुख्य पात्र थे दिलीप वरवंडकर और इसकी स्क्रिप्ट राइटिंग और निर्देशन था के पी सक्सेना दूसरे का। कव्वाली की प्रस्तुति ने तो ऐसा रंग जमाया कि दर्शक झूम उठे ।शांति यदु ने ऋचा की नींव रखकर उसके मजबूत स्तंभों की जो कल्पना की थी उन्ही कल्पनाओं को अल्फाजों में पिरोया के पी सक्सेना ने और ऋचा के समस्त पुरूष सदस्यों ने मिलकर लाजवाब प्रस्तुति दी और खूब वाह वाही बटोरी।

मुख्य अतिथि विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को पदभार ग्रहण करवाया

- **भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया**

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल आर्शीवाद भवन रायपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह एवं गरिमामय समारोह में मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी उप मुख्यमंत्री माननीय श्री विजय शर्मा जी, विशिष्ट अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला जी, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह-संगठन सचिव अवध राज्य प्रांत प्रचारक श्री संजय मिश्र जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर की प्रथम नागरिक श्रीमती मीनल चौबे जी उपस्थित थे । अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राज कुमार दीक्षित एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया ।

आशीर्वाद स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । स्नेह सम्मेलन में हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे । उप मुख्यमंत्री ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया संवर्धन संभव छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण उपलब्धि है । पुरंदर मिश्रा जी ने सामाजिक सद्भावना एवं एकता के लिए ब्राह्मण समाज को आगे आने कहा । कुलपति महोदय ने संस्कृत शिक्षा एवं अध्ययन के लिए आशीर्वाद स्कूल को प्रोत्साहित किया।

न्यूज गैलरी

परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा

कोण्डागांव। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर कोण्डागांव सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में मंगलवार नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा ब्राह्मण समाज भवन, कनेरा रोड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रायपुर नाका तक पहुंची और पुनः समाज भवन में संपन्न हुई।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने भगवा ध्वज हाथों में लेकर भगवान परशुराम के जयघोषों के साथ नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान परशुराम की जीवंत झांकी रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। जयंती के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इसमें समाज के बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा समाज के लिए जनहित में कार्य करने वाले विशिष्ट लोगों को सम्मानित भी किया गया।शाम को शोभायात्रा निकाली गई जिसमें में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए, जहां सभी भगवा ध्वज हाथों में लेकर भगवान परशुराम के जयघोषों के साथ नगर भ्रमण कर परशुराम के जीवन आदर्शों को स्मरण करते हुए धर्म, न्याय और मर्यादा की स्थापना का संकल्प लिया।

1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट जरूरी

कोण्डागांव, 01 एक अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रुप से लगाना पड़ेगा। इसके लिए परिवहन विभाग ने 4 महीने का समय दिया गया था, इसके पश्चात अब जिन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं पाये जाते हैं, उन वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।ऐसे कर सकते है ऑनलाईन अप्लाई सरकार द्वारा सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि (एचएसआरपी) लगाने हेतु अधिकृत पंजीकृत पोर्टल जारी किया गया है, जिसके माध्यम से ऑनलाईन एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने हेतु आवेदन किया जा सकता है। उस साइट में जाकर अपनी सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर चेसिस नंबर इंजन नंबर, पता, मोबाईल नंबर, और फ्यूल ऑप्शन आदि भरने के पश्चात् पंजीकृत मो.नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसके पश्चात् निर्धारित शुल्क भुगतान करने के पश्चात् एक रसीद मिलेगी, जैसे ही वाहन का हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट तैयार हो जाएगी, मोबाइल पर उसका मैसेज आ जाएगा। इसके बाद अधीकृत डीलर के पास जाकर उसे लगवा सकेंगे।

जिला प्रशासन ने रोकी बाल विवाह

कोण्डागांव। जिले के विकासखण्ड व थाना फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदागांव, पोस्ट भण्डारसिवनी से बाल विवाह की गुप्त सूचना प्राप्त होते ही मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग पुलिस विभाग एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त दल द्वारा 29 अप्रैल को बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की गई।ग्राम पंचायत चांदागांव में नाबालिग बालिका यशोदा (परिवर्तित नाम) पिता दिनेश (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष थाना-कोण्डागांव का विवाह बालक योगेश (परिवर्तित नाम) पिता श्री रामेश्वर (परिवर्तित नाम) उम्र 20 वर्ष 25 दिन निवासी- पंचायत चांदागांव भण्डारसिवनी विकासखण्ड व थाना फरसगांव के साथ किया जाना था।सूचना मिलने पर जिला स्तरीय गठित संयुक्त दल द्वारा बालक के घर पहुंचकर बालक एवं बालिका के आयु दस्तावेज का अवलोकन किया गया, जिसमें वर-वधु की आयु विवाह हेतु निर्धारित आयु से कम पायी गई।

नंदलाल की पहल से टोटापारा की समस्या का समाधान

■ **नए हैंडपंप से ग्रामीणों में खुशी की लहर**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोगाम के पूरनतराई टोटापारा में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान अब हो गया है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी से मुलाकात की और अपनी पीड़ा साझा की, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गौरतलब है कि टोटापारा में ग्रामीणों के लिए पेयजल का एकमात्र सहारा एक प्राकृतिक जल स्त्रोत था, जो लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित है। इस दूरस्थ स्त्रोत से पानी लाना ग्रामीणों के लिए बेहद कठिन था। क्षेत्र में पहले एकमात्र हैंडपंप था, लेकिन उसके धँस जाने के बाद पेयजल संकट और गहरा गया था।

ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने तुरंत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और नए हैंडपंप की स्वीकृति दी गई। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तिलेश्वरी नागेश का इस प्रयास में विशेष सहयोग रहा।

हैंडपंप की खुदाई पूरी होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री मुड़ामी ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य है कि शासन की हर योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। जनता की समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है।÷

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तिलेश्वरी नागेश ने कहा, ÷आपका सहयोग और विश्वास हमारी ताकत है। जब भी कोई समस्या हो, बेझिझक बताइए, मैं हमेशा साथ खड़ी रहूंगी।÷

जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जनपद स्तर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

इस मौके पर जनपद सदस्य पवन कर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जनपद सदस्य पवन कर्मा, पूर्व सरपंच जोगा पोडियम, सुमित आर्य, देवा, सोमलु, मंगू सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की।

विख. समन्वयकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू 08 मई को

दंतेवाड़ा। युवोदय कार्यक्रम (जिला प्रशासन दंतेवाड़ा और यूनिसेफका संयुक्त प्रयास) हेतु विकासखण्ड समन्वयकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक 08 मई 2025 दिन गुरुवार को जिला कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा के कक्ष क्रमांक 47 में प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एवं एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफसहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है, यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

सांसद कश्यप की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक में बड़े फैसले

■ **नये विकास कार्यों का हुआ अनुमोदन**

■ **स्थानीय लोगों के आर्थिक उत्थान सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च**

■ **प्राथमिकता देवें- बस्तर सांसद महेश कश्यप**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला खनिज न्यास निधि के तहत प्रभावित इलाके के लोगों के आर्थिक उत्थान हेतु आजीविका के साधनों के विकास सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। इसके साथ ही आवश्यकता के अनुरूप अधोसंरचना सम्बन्धी कार्यों तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, युवा गतिविधियों तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने सहित खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिये राशि का प्रावधान किया गया है। अब जिला खनिज न्यास निधि का सदुपयोग कर जिले के समग्र विकास करने सकारात्मक पहल किया जायेगा। उक्त बातें बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक के दौरान कही।

सांसद कश्यप ने आगे कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप दंतेवाड़ा जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि (डीएमएफ) के तहत दंतेवाड़ा जिले को अब तक 17 सौ करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उद्देश्य जिले के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना है। श्री कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा एक समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिपूर्ण जिला है, जहां जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाएं भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। इन संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए, स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

शासी परिषद की बैठक के दौरान क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने डीएमएफ (जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि) मद से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डीएमएफ मद से स्वीकृत सभी निर्माण व विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें, क्योंकि इन कार्यों में विलम्ब होने से जनता को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने जिला खनिज निधि से संचालित योजनाओं और कार्यों के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन निधियों का उपयोग केवल जरूरतमंद क्षेत्रों और प्राथमिकताओं के अनुसार ही किया जाए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ की राशि जनता के कल्याण हेतु है, इसलिए इसका सदुपयोग सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। श्री मुड़ामी ने विशेष रूप से पेयजल संकट की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि कई ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से पेयजल की समस्या की जानकारी मिल रही है। इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने और दीर्घकालिक समाधान हेतु योजना तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे क्षेत्रीय भ्रमण कर जमीनी हालात का जायजा लें और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुलझाएं।

जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) शासी परिषद की बैठक के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बस्तर सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि डीएमएफ निधि से होने वाले सभी कार्यों को पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक योजना की सतत निगरानी की जाएगी, ताकि जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अक्षय तृतीया पर आज रथ की हुई पूजा, रथ निर्माण का कार्य आज से प्रारंभ

■ **27 जून को भगवान जगन्नाथ जी की निकलेगी देश भर में रथयात्रा**

दंतेवाड़ा । आज अक्षय तृतिया के शुभ अवसर पर जगन्नाथ मंदिर परिसर में खड़े भगवान जगन्नाथ जी की रथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई। रथ पूजा के साथ ही आज से रथ निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। प्रतिवर्ष अक्षय तृतिया तिथि पर ही रथ की पूजा की जाती है। रथ पूजन के साथ ही रथ यात्रा उत्सव का आगाज भी हो जाता है।

गौरतलब है कि हर वर्ष अक्षय तृतिया के शुभ दिन पर ही भगवान जगन्नाथ के रथ की पूजा का विधान है। आज दिन बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतिया है। इस खास मौके पर नगर के जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी केदारनाथ मिश्रा ने सुबह 8 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रथ निर्माण शुभारंभ पूजा अर्चना की और भगवान से रथ निर्माण के लिए आज्ञा मांगी। आज भगवान परशुराम जी का भी जन्मोत्सव है। लिहाजा आज शाम जगन्नाथ मंदिर में धुमधाम के साथ परशुराम जी की भी जयंती मनाई जाएगी। मंदिर के पुजारी केदारनाथ मिश्रा ने जानकारी देते बताया कि अक्षय तृतिया के खास मौके पर आज सुबह रथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई। आज से रथ बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि जगन्नाथ मंदिर स्थापना के बाद से नगर में बीते 4 वर्षो से गोंचा पर्व पर रथ यात्रा निकालने का कार्यक्रम शुरू हुआ है। हर साल की भांति इस साल भी 27 जून को अषाढ शुक्ल पक्ष के द्वितिया तिथि पर धुमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इससे पूर्व आगामी 12 मई को बुद्ध पुर्णिमा के दिन भगवान को 108 कलशों के पंचामृत जल से स्नान कराया जाएगा।

सुशासन तिहार 2025 जिले के ग्राम पंचायतों में 5 मई से आयोजित होंगे समाधान शिविर

■ **ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होने की तिथियां जारी**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ''सुशासन तिहार 2025'' का आयोजन किया गया है। इस क्रम में ''सुशासन तिहार 2025'' के तृतीय चरण में आवेदकों के उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिए जाने हेतु जिले में 5 मई से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत समाधान शिविर के समुचित संचालन आयोजन हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (00) को ब्लॉक नोडल अधिकारी एवं संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस क्रम में 5 मई को बालूद अन्तर्गत चितालूर, टेकनार, बालपेट, पोन्दुम-01, पोन्दुम-02, जारम, मटेनार। 09 मई को गमावाड़ा अंतर्गत चंदेनार, गदापाल, तोयलंका, कुम्हाररास, धुरली, भांसी, बड़ेकमेली। 14 मई को बड़ेबचेली अंतर्गत नेरली, बढ़ापुर बेनपाल, दुगेली, गंजेनार, मसेनार, मोलसनार। 17 मई को मंगनार अन्तर्गत चितालंका, तुड़पारास, डेगलरास, मंगनार, कुपेर, पण्डेवार, झिरका, कमालूर, कुन्देली, कंवलनार, केशापुर, भोगाम। 22 मई को मेटापाल-1 अन्तर्गत कावड़गांव, डुमाम, मेटापाल-01, मेटापाल-02, मुरकी, फुलनार, मुस्केल, नेटापुर। 5 मई को छिन्दनार अन्तर्गत तुमरीगुण्डा, चेरपाल, पाहुरनार, बडेकरका, कौरगांव, मुस्तलनार, गुटोली, कोरलापाल। 9 मई को जावंगा अन्तर्गत जावंगा, नागूल, कटूलनार, माड़पाल, मड़से, हाऊरनार, बड़ेपनेड़ा, बड़ेपनेड़ा-2, गुमड़ा। 13 मई को फरसपाल अन्तर्गत आलनार, कुण्डेनार, मुण्डेर। 17 मई को फरसपाल अन्तर्गत बड़ेकारली, कारली-1, कारली-2, हारम, हारम-2, झोड़ियाबाड़म, समलूर, बिंजाम। 22 मई को हिड़पाल अन्तर्गत हिड़पाल, उपेट, कोरकोटी, हितामेटा, भटपाल। 24 मई को हिरानार-01 अन्तर्गत हिरानार-02, घोटपाल 01, घोटपाल 02, कासोली 01, कासोली 02, बुधपदर, जोड़ातराई, हारला, रोंजे। 31 मई को बड़े तुमनार अन्तर्गत समलूर, बड़ेतुमनार छोटेतुमनार, गुमलनार, मोफलनार, बोदली, नेलगोड़ा, बडेसूरोखी, सियानार, बांगापाल, फुन्डरी। 5 मई को मैलावाड़ा अन्तर्गत मैलावाड़ा, गोंगपाल, बड़ेहड़ मामुण्डा, हितावर, हल्बारास, मूलेर। 9 मई को पालनार अन्तर्गत पालनार, फुलपाड़, माहाराहाऊरनार आदि।

अक्षय तृतीया पर घरों में हुई मां गौरी व भगवान विष्णु की पूजा

■ **सोना खरीदने ज्वेलरी दुकानों में महिलाओं की रही भीड़**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। आज अक्षय तृतीया का शुभ दिन है। अक्षय तृतीया पर गणेश गौरी व भगवान विष्णु के पूजा का विधान है अक्षय तृतिया पर भक्त आज अपने अपने घरों में पूजा पाठ एवं तप, जप, होम अनुष्ठान आदि मंगल कार्य कर करने में जूटे हुए हैं। गौरतलब है कि हर साल बैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष आज 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जा रहा है। अक्षय तृतिया तिथि पर सोने के आभूषण खरीदने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि यदि अक्षय तृतिया पर सोना चांदी व अन्य चीजों की खरीददारी की जाए, तो आर्थिक लाभ के साथ साथ घर में बरकत भी होती है। ज्योतिषियों के मुताबिक अक्षय तृतिया पर सुबह 6 बजकर 11 मिनट से दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर सोना खरीदने का शुभ मुहुर्त बन रहा है। माना जाता है कि आज के दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं उसका अक्षय फल मिलता है इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। अक्षय तृतिया के शुभ अवसर आज हिन्दु धर्मावलंबियों द्वारा घर घर में मां लक्ष्मी गौरी व भगवान विष्णु की विधिवत् पूजा की गई। जल से भरे घड़े, फल फूल, आदि पूजन सामग्रियां भगवान को अर्पित की गई। मान्यतानुसार इसी दिन सृष्टि का शुभारंभ हुआ था तथा भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। यह भी मान्यता है कि इस दिन किया हुआ जप, तप, दान सौ गुना फलदायी होता है। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, वास्तु पूजा के लिए काफी शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया पर खास तौर पर तिल, जौ और चावल के दान का विशेष महत्व है। इस दिन जप, तप, दान, होम तथा पितरों का श्राद्ध करने से अक्षय पुण्य फल प्राप्त होता है। अक्षय तृतिया तिथि पर शादियां भी खूब होती है। शुभ मुहूर्त होने के चलते अक्षय तृतिया के दिन ज्यादातर शादियां, गृह प्रवेश समेत नवीन प्रतिष्ठानों की पूजा ओपनिंग एवं अन्य शुभ कार्य भी होते हैं। महिलाएं आज तृतिया पर जमकर सोने चॉदी के आभूषण खरीदारी करती दिखीं।

बीजापुर की बेटी संतोषी भण्डारी का राष्ट्रीय सेंटर ऑफएक्सीलेंस, भोपाल के लिए चयन

बीजापुर/ नव प्रदेश। बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की एथलेटिक्स खिलाड़ी संतोषी भण्डारी ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। उनका चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रतिष्ठित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भोपाल के लिए हुआ है। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 24 अप्रैल 2025 को जारी की गई चयन सूची में संतोषी का नाम शामिल है, जिसमें पूरे देश से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली केवल 10 बालिका एथलीट्स का चयन किया गया है।

संतोषी भण्डारी इस सूची में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। वह बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बीजापुर की छात्रा हैं। हाल ही में, उन्होंने 11 से 14 जनवरी 2025 तक रांची (झारखंड) में आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए 400 मीटर और 600 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 400 मीटर में 1:02 मिनट और 600 मीटर में 1:41 मिनट का समय निकालकर अखिल भारतीय स्तर पर 8वां स्थान हासिल किया था।

प्रथम पेज का शेष

जाति जनगणना को ...

सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमंडल समूह का भी गठन किया गया था, जिसमें अधिकांश राजनैतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाय, सर्वे कराना ही उचित समझा, जिसे सीईसीसी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि इन सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए उपयोग किया।

जनगणना का कई राज्यों ने किया सर्वे

वैष्णव ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यो में यह कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ, वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनैतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया।

2621 बीएड कर्मी ...

वहां आम जनता को सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए ''मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना'' शुरू करने का अहम निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत हल्के/मध्यम परिवहन मोटरयान 18 से 42 बैठक क्षमता (चालक को छोड़कर) के वाहन को अनुज्ञा पत्र और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नवीन ग्रामीण मार्गों के विनिर्धारण के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। अनुज्ञा का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को मिलेगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं तथा नक्सल प्रभावितों को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभार्थियों का चयन निविदा प्रक्रिया से किया जाएगा। इस योजना के तहत संबंधित वाहन स्वामी को ग्रामीण मार्गों पर वाहनों के संचालन के लिए प्रथम परमिट निर्गमन की तिथि से तीन साल अधिकतम अवधि के लिए मासिक कर में पूर्णतः छूट दी जाएगी।

एनआईईएलआईटी ...

यह केन्द्र न केवल युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। इससे छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा के मानचित्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार...

को मजबूत करने के लिए किया गया है क्योंकि यह बोर्ड राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी मामलों पर सरकार को दीर्घकालिक रणनीतिक विश्लेषण और नीतियों के बारे में सिफारिश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

फिर सीजीएमएससी घोटाला...

ज्यादा लूज कार्टून में दवाओं का ढेर पड़ा मिला। रखे गए दवाओं में आई की फ्लूट और पीलिया के मरीजों को दी जाने वाली दवाओं की मात्रा ज्यादा थी। इसके अलावा अन्य सिरप, केनुला और ग्लब्स पड़े हुए मिले। जनपद सदस्य माखन कश्यप ने इसका वीडियो बनाकर अधिकारियों को भेजा और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया।

खुलेगी भ्रष्टाचार की परतः भारतमाला...

रायपुर और धमतरी जिले में 2019 से लेकर अब तक की जानकारी संकलित करने के आदेश दिए गए थे।

पाक को सबक सिखाने ...

है जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है जिसे वह कभी न भूल पाए। उन्होंने कहा, हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसमें शामिल नहीं हुए। फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है।

खाद्य पदार्थों पर झूठे दावे ...

काम आसान कर दिया है। अब उपभोक्ता एफएसएसएआई के ऐप पर जाकर घर बैठे उत्पादों-कंपनियों के बारे में शिकायत कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। इतना ही नहीं, बाद में वे अपनी शिकायत पर की गई कार्रवाई की फीडबैक भी प्राप्त कर सकेंगे।

पहलगाम आतंकवादी हमले ...

से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके परिणाम दुखद हो सकते हैं। उन्होंने तनाव कम करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए अपना सहयोग देने की पेशकश की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की यह बातचीत कल रात हुई।

नक्सलियों के गढ़ में जवानों ...

नक्सलियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन में जवानों ने अब तक 5 नक्सलियों को ढेर किया है, जिनमें से 3 महिला नक्सलियों के शव समेत कई हथियार भी बरामद हुए हैं। वहीं कर्रेगुट्टा पहाड़ का तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच होने की वजह से कई जवानों की तबीयत भी बिगड़ी है। ऑपरेशन के दौरान तेज गर्मी से लगभग 40 जवान डिहाइड्रेशन के शिकार हुए और 2 जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से घायल भी हुए हैं।

कर्रेगुट्टा पहाड़ पर ...

जवानों की भी कर्रेगुट्टा पहुंचने की जानकारी सामने आई है।

■ न्यूज गैलरी

सुशासन तिहार : दिव्यांग दुर्जन को मिली बैटरी चलित ट्राइसिकल

कांकेर / नवप्रदेश।नगर पंचायत अंतागढ़ मरारपारा निवासी 80 प्रतिशत दिव्यांग श्री दुर्जन निषाद को कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा मंगलवार सुबह बैटरी चलित ट्राइसिकल प्रदाय किया गया। दिव्यांग श्री निषाद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती क्षमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री दुर्जन ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया था। इसी दौरान आज दुर्जन निषाद को कलेक्टर द्वारा ट्राइसिकल प्रदाय की गई।

कमला नेहरु पब्लिक हाई स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

कांकेर / नवप्रदेश। स्कूल का परिणाम घोषित किया गया , सभी बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना करते है ।जिसमें सभी बच्चे प्रतिभागी परीक्षा में सफ्ल हुए है आज दिनांक 29 अप्रैल 2025 को सुबह 011:00 बजे बच्चो को परिणाम घोषित किया गया जिसमें विधालय के संस्थापक अध्यक्ष कमला गुप्ता एवं विधालय के प्राचार्य शिक्षक गढ़ एवं पालकों की उपस्थित सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन देते बधाई और रिजल्ट का घोषणा किया गया एवं प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों को मेडल प्रदान किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी प्रथम अविनाश नेताम 74.33त्र द्वितीय तीस नेताम73.33त्रतीसरी सूर्यवंश चक्रधारी 61त्र के. प्रथम इशिका उसेंडी 89.66त्र दूसरा स्थान चारू मांडवी 87.66त्र तीसरा स्थान सेज कुमार जैन केजी -2 पहला स्थान रुद्राक्षी सलाम 94त्र दूसरा स्थान पूरवंशी साही 92त्र तीसरा स्थान भौमिक प्रधान 89त्र वर्ग 1 प्रथम स्थान कृष पडोटी 95.22त्र दूसरा स्थान आयशा अंजुम 92.75त्र तीसरा स्थान निकिता शोरी 96.5त्र कक्षा 2ठुस्त्र पहला स्थान मोनिका कुलदीप 92.5त्र दूसरा स्थान हेम कुमार जैन 90.25त्र तीसरा स्थान राजकुमार मांडवी 86.25त्र वर्ग तीसरा स्थान तीसरा स्थान वेनुका कोरेटी 84त्र दूसरा स्थान आफरीन बानो 82.7त्र तीसरा स्थान टिक्षा देवांगन 82.5त्र कक्षा 4 प्रथम स्थान भाव गुटन 98.75त्र दूसरा स्थान दिव्या पटेल 84.25त्र तीसरा स्थान अरोमा साहू 83.25त्र कक्षा 5 वीं प्रथम स्थान भाव्य दुग्गा 86.25त्र दूसरा स्थान युवराज कश्यप 85.5त्र तीसरा स्थान रोहित पटेल 68.25त्र कक्षा 6 वीं प्रथम स्थान गीतेश कुमार जैन 89.67त्र दूसरा स्थान शम्युअल 77.17त्र तीसरा स्थान तन्मय सिंह राजपूत 71त्र कक्षा 7 वीं प्रथम स्थान आशीषा कामरो 95.84त्र दूसरा स्थान कांशी कुमार देवांगन 90त्र तीसरा स्थान शेख अर्श 85.11त्र कक्षा 8 वां पहला स्थान खेमांशी पोटाई 95.67त्र दूसरा स्थान पिहू 81.1त्र तीसरा स्थान ईशा माणिकपुरी 79त्र कक्षा 9 वीं प्रथम स्थान विवेक साहू 69.67त्र दूसरा स्थान भवेश 60.5त्र तीसरा स्थान तमन्ना केमारो59.5त्र इस प्रकार इस वर्ष का परिणाम रहा जिसमे सभी बच्चों ने अपने प्रयास से सफ्लता प्राप्त किया।

कृषि सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

कांकेर / नवप्रदेश। कृषि विभाग द्वारा बुधवार को नेशनल मिशन ऑन नैचुरल फॉर्मिंग योजना अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट कांकेर में कृषि सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।जिसमें डा़ कोमल कुमार केराम मृदा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट कांकेर द्वारा - प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई , जैविक खेती के विस्तृत जानकारी जानकारी दिया गया साथ ही दिनेश कुमार सिन्हा सहायक किट वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट द्वारा जैविक कीट प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई7 जिसमें कांकेर नरहरपुर, अंतागढ,भानुप्रतापपुर, चारामा चारो विकासखंड के कृषि सखिया उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में जी.एस. शोरी सुमन अमित बाला श्रीमति रेखा चंद्राकर संदीप जैन अनिमेश गावडे विनोद चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

आतंकवाद मानवता के दुश्मन : पवन कांगे

कांकेर / नवप्रदेश।कांग्रेस नेता पवन कांगे ने पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा 26 नागरिकों की बेहरमी से किये गये हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस आंतकी घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। इसके पूर्व भी कई बार पाकिस्तान समर्थित आंतकवादियों के द्वारा जम्मू कश्मीर में ऐसे घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। अब भारत सरकार को इसमें किसी प्रकार की कोई चूक नहीं करनी चाहिए और इसका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। आतंकवाद मानवता के दुश्मन है इनका ईमान नहीं होता। जिस तरीके से पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उससे वहां की सुरक्षा व्यवस्था की भी पोल खुलती है। हमारी सबसे पहली चिंता है देश के नागरिकों की सुरक्षा है लोग सुरक्षित रहे इसके लिए सरकार को बहुत जल्द निर्णय लेना चाहिए संकट के समय में पूरा देश एकजुट है और एक साथ आतंकवाद के खिलाफहै।

जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 5 मई से आयोजित होंगे समाधान शिविर

■ **नगरीय निकायों में शिविर आयोजित होने की तिथियां जारी**

दंतेवाड़ा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समययद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ''सुशासन तिहार 2025'' का आयोजन किया गया है।

''सुशासन तिहार 2025'' के तृतीय चरण में आवेदकों के उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिए जाने हेतु नगरीय निकाय में समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है। इस क्रम में 05 मई को दन्तेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 04, बस स्टैण्ड यात्री प्रतीक्षालय में (वार्ड क्रमांक 04, 05 एवं 15,) 11 मई को आवराभाठा दुर्गा मंच (वार्ड क्रमांक 06 एवं 10,) 16 मई को वार्ड क्रमांक 03 कतियाररास बाजार शेड (वार्ड क्रमांक 02 एवं 03,) 19 मई को वार्ड क्रमांक 07 सामुदायिक भवन हुड़को कॉलोनी (वार्ड क्रमांक 07, 08 एवं 09) 23 मई को वार्ड क्रमांक 01, पातररास दुर्गा मंच (वार्ड क्रमांक 01 एवं 12) 29 मई को वार्ड क्रमांक 11, हाई स्कूल मैदान (वार्ड क्रमांक 11 एवं 14) 31 मई को वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा मंच(वार्ड क्रमांक 13) तथा नगरीय निकाय गीदम अन्तर्गत 05 मई को सरस्वती शिशु मंदिर (वार्ड क्रमांक 01 एवं 02) 07 मई को सांस्कृतिक भवन (वार्ड क्रमांक 03, 04 एवं 05) 11 मई को दुर्गा मंच (वार्ड क्रमांक 06 एवं 07)17 मई को सामुदायिक भवन (वार्ड क्रमांक 08, 09 एवं 10) 24 मई को नगर पंचायत गीदम (वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13) 28 मई को कड़तीपारा (वार्ड क्रमांक 14) 31 मई को शीतला माता मंदिर (वार्ड क्रमांक 15) नगरीय निकाय बारसूर के तहत नगर पंचायत भवन 05 मई 2 को (वार्ड क्रमांक 01 एवं 02) 11 मई को वार्ड क्रमांक 06 उप स्वा. केन्द्र (वार्ड क्रमांक 04, 06, 07, 08 एवं 09)19 मई को सांस्कृतिक भवन बारसूर (वार्ड क्रमांक 03, 05, 10, 12 एवं 13) 30 मई को रानतरई स्कूल बारसूर (वार्ड क्रमांक 11, 14 एवं 15)

नगरीय निकाय बड़े बचेली के तहत 05 मई को गोंडवाना भवन (वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03)11 मई को मंगल भवन आरईएस कॉलोनी (वार्ड क्रमांक 04 एवं 05) 16 मई को कार्यालय नगर पालिका (वार्ड क्रमांक 06 एवं 07) 19 मई को दुर्गा मण्डप, पुराना मार्केट (वार्ड क्रमांक 08, 09 एवं 10) 23 मई को दुर्गा मण्डप, हाईटेक कॉलोनी (वार्ड क्रमांक 11 एवं 12) 29 मई को दुर्गा मण्डप, बंगाली कैंप नं 2 (वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15) 31 मई को बी.आर.सी क्लब (वार्ड क्रमांक 16, 17 एवं 18) नगरीय निकाय किरंदुल में 05 मई को वार्ड 01, रामपुर कैंप (वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 04) 07 मई को वार्ड 04, दुर्गा मण्डप (वार्ड क्रमांक 03, 05 एवं 06) 11 मई को वार्ड 07, आ.बा. केन्द्र (वार्ड क्रमांक 07, 08 एवं 10) 17 मई को वार्ड 11, आ.बा. केन्द्र (वार्ड क्रमांक 09 एवं 11) 24 मई को वार्ड 14, सतनाम भवन (वार्ड क्रमांक 12, 13 एवं 14) 30 मई को वार्ड 18, कार्यालय नगर पालिका (वार्ड क्रमांक 15, 16, 17 एवं 18) में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

तेंदूपत्ता के सरकारी खरीदी को लेकर फड़ मुंशियों ने जिला वनोपज अध्यक्ष को पत्र सौंपा

तेन्दूपत्ता की खरीदी मई के प्रथम सप्ताह से शुरू हो : नितिन पोटाई

कांकेर / नवप्रदेश। आगामी तेन्दूपत्ता संग्रहण के मद्देनजर प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति बार देवरी की आवश्यक बैठक जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई के नेतृत्व में सम्पन्न हुई बैठक में समिति अध्यक्ष भारत राम तारम एवं उपाध्यक्ष नारद राम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण 2025 को लेकर चर्चा की गई जिसमें फड़ मुंशियों के द्वारा तेन्दूपत्ता के सरकारी खरीदी से उत्पन्न होने वाले समस्याओं को लेकर चिंता जाहिर किया गया।

उन्होनें बताया कि तेन्दूपत्ता को ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से खरीदी करने पर तेंदूपत्ता के परिदान के पश्चात उसके उल्टाई-पल्टाई, बोरा भराई, तेंदूपत्ता संग्रहण स्थल की देखरेख तार पोल की व्यवस्था करना आदि की जवाबदारी ठेकेदार की रहती थी। लेकिन अब सरकारी खरीदी करने से इसकी व्यवस्था संघ को करनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि साख कर्तन की राशि के लिए संघ द्वारा संग्राहकों के बैंक खाते में सीधे जमा करने हेतु निर्देश दिया गया है।जो व्यावहारिक रूप से सही नहीं है क्योंकि साख कर्तन की राशि प्रति मानक बोरा के हिसाब से तय किया जाता है जो बहुत कम होता है।अतः एक एक संग्राहकों के खाते में पच्चास से सौ रूपये डालना दिक्कत भरा काम होगा। अतः पूर्व की भांति साख कर्तन की राशि चेक के माध्यम से फड़ मुंशियों को दिया जाये ताकि वे निकाल कर संग्राहकों को नगद भुगतान कर सके।

फड़ मुंशियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से प्रति मानक बोरा के हिसाब से तेंदूपत्ता का वास्तविक मूल्य तो मिल रहा है लेकिन बोनस की राशि अभी तक अप्राप्त है अतः उसे दिलाई जाय। इन समस्त विषयों को लेकर उन्होंने श्री पोटाई को पत्र सौंप कर निराकरण किये जाने हेतु अनुरोध किया। जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना तथा उसे दूर किये जाने की बात कहते हुए तत्काल मुख्यवन संरक्षक राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर मोहम्मद शाहिद से बात कर साख कर्तन की राशि नगद भुगतान करने के संबंध में निर्देश जारी करने हेतु गया। जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने बताया कि बारदेवरी समिति में कुल 16 खरीदी केंद्र है जिसमें लगभग 2001 संग्राहकों की संख्या है जिनके द्वारा वर्ष 2025 में 1600 मानक बोरा खरीदी करने के लक्ष्य को पूरा करने हेतु प्रयास किया जायेगा तथा मौसम को ध्यान में रखते हुए मई माह के प्रथम सप्ताह में तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य को प्रारम्भ किया जायेगा।

इस बैठक में संस्था के अध्यक्ष भारत तारम, उपाध्यक्ष नारद साहू, प्रबंधक घनष्याम देहारी, फड़ मुंशी दुर्गा प्रसाद प्रधान, इतवारू राम उसेण्डी, हेमंत सिंह, सम्पतराम, देवीलाल रावटे, राकेष कुमार यादव, विष्णुराम कांगे, रोहित कुमार भूवार्य, ललित कुमार धनकर, अर्जुन सिंह भुवार्य, अकबर सिंह तेता, भुनेश्वर कांगे आदि उपस्थित थे।

विष्णु प्रसाद शर्मा शा. विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

कांकेर / नवप्रदेश। पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर का परीक्षा परिणाम माननीय तारुणी बाबा ठाकुर ,(उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत कांकेर एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति) के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता प्राचार्य आर पी एस ठाकुर, प्रधान अध्यापक मोहनलाल जैन के आतिथ्य में संपन्न हुआ, मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में जिस कार्य क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसको देखते हुए पढ़ाई करने की सलाह दी। प्राचार्य आर पी एस ठाकुर ने विद्यार्थियों को और कड़ी मेहनत करने और आगे के लिए शुभकामनाएं दी। कक्षा छठवीं में वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान विवेक जैन द्वितीय स्थान विनय कुमार कुंजाम एवं तृतीय प्रिंस मरापी रहे कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान नरेंद्र विश्वकर्मा द्वितीय स्थान प्रमोद मंडावी एवं तृतीय स्थान नीतू राम रहे।

कक्षा नवमी में प्रथम स्थान नवीन कुमार मंडावी 80.33त्र द्वितीय स्थान उमेश कुमार 77त्र तृतीय स्थान पूनम डेहरी 75.3 1त्र रहा कुल परीक्षा परिणाम कक्षा नवमी 68.36 प्रतिशत रहा।

कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय में प्रथम स्थान नीरज मांडवी 68त्र द्वितीय स्थान अशवंत कुमार 57.80त्र तृतीय स्थान संजू ढाली 51.20त्र रहा, विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्रियंका नेताम 72त्र द्वितीय स्थान नमिता पटेल 71.8त्र तृतीय स्थान मोना सिन्हा 66.60त्र वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान मिथिलेश 64.00त्र द्वितीय स्थान खुशाल सिन्हा 57त्र तृतीय स्थान शशांक सिन्हा 56त्र रहे कुल कक्षा 11वीं में कुल 68.51त्र परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय परिवार से सरिता भास्कर ,छबिलाल यादव ,कमलेश मिश्रा, कांता कुरेटी, हेमलाल साहू, सुनीता मिश्रा,पवन सेन ,अर्चना मांडवी, शकुंतला ताराम, अलका शेट्टी, सुनीता सिंह, नलिनी मिश्रा, रेखा दुबे, हेमलता सिरदार,आबिद खान, सरोज वाला नेगी, पूर्णिमा गजबल्ला, जितेंद्र सलाम, भगवती जैन, शशि कला सलाम, कुसुम लता सोम, सीमा चतुर्वेदी, हिमांशु दिल्लीवार, खूबचंद साहू, ने समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी, मंच संचालन पवन सेन द्वारा किया गया।

प्रधान अध्यापक के सेवानिवृत होने पर स्कूल स्टॉफ ने दी विदाई

कांकेर / नवप्रदेश। शहीद राम कुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में पूर्व माध्यमिक शाला विभाग लट्टीपारा में 44 वर्षों से पदस्थ रही मथुरा मेश्राम प्रधान अध्यापक को उनके सेवा के पश्चात सेवा से निवृत होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई इस विदाई समारोह में मुख्यआगत मथुरा मेश्राम अध्यक्षता अंजना श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयोजित हुआ। विद्यालय परिवार के द्वारा सबसे पहले उन्हें पुष्पगुच्छ

से स्वागत अभिनंदन किया गया तत्पश्चात उनके कुल 44 वर्षों की सेवा को याद किया गया इसके पश्चात उन्हें शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष अंजना श्रीवास्तव प्राचार्य ने उनके उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की अंत में समस्त शिक्षकों ने सेवानिवृत प्रधानअध्यापक के विद्यालय के प्रति लगाव एवं बच्चों के प्रति अपार स्नेह को सभी लोगों ने याद किया। कार्यक्रम का संचालन करुणा वैध के द्वारा किया इस विदाई समारोह में पूर्व माध्यमिक शाला एवं सेकेंडरी के समस्त स्टाफएवं समस्त कार्यालय स्टाफउपस्थित रहे।

भाजपा ने किसान मोर्चा नेता नरेश टिकैत का फूंका पुतला

कांकेर / नवप्रदेश।कथित किसान नेता नरेश टिकैत द्वारा भारत विरोधी बयान देने पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश मंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया व जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति तथा भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मण्डावी के नेतृत्व में नरेश टिकैत का पुतला दहन किया गया ।

कश्मीर के पहलगाम में 27 निर्दोष पर्यटकों की हत्या पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने गत दिवस कर दी थी जिसकी भारत सहित पूरे विश्व में कड़ी आलोचना हुई। पाकिस्तान आतंकवादियों द्वारा 27 पर्यटकों की हत्या के विरोध में भारत सरकार द्वारा कुछ कड़े फैसले पाकिस्तान के विरूद्ध लिए गए जिसमें सिंधु जल समझौता तोड़ कर सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान में जाने से रोकने जैसा कड़ा कदम भी शामिल है।

देश का ये दुर्भाग्य है कि कथित किसान नेता नरेश टिकैत सिंधु जल समझौता तोड़ने पर भारत सरकार की आलोचना करते हुए कह रहा है कि भारत और पाकिस्तान के किसान एक है इसलिए सिंधु जल समाझौता रदद नही चाहिए । अपने आप को किसान नेता कहने वाले नरेश टिकैत ने यह बयान देकर न केवल देश की 140 करोड जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है बल्कि देश की रोटी खाकर, देश विरोधी कृत्य किया है । ऐसे देश विरोधी व्यक्ति पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग सरकार से की ।

कोतवाली थाने में निजी बस एजेंटों की बैठक

■ **निजी बस एजेंटों की मनमानी पर नकेल कसने पुलिस ने एजेंटों को दी समझाइश**

कांकेर / नवप्रदेश। बुधवार को निजी बस एजेंटों द्वारा आए दिन यात्रियों से दुर्व्यवहार दुर्घटनाओ सहित यातायात नियमों को लेकर आवश्यक बैठक आहुत किया गया था। बैठक आई के.एलिसेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशानुसार अति.पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा कांकेर के मार्गदर्शन एवं मनीष नागर निरीक्षक कोतवाली थाना प्रभारी कांकेर दीपक साव यातायात प्रभारी कांकेर के नेतृत्व में कांकेर के सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुये कांकेर के समस्थ बस परिवाहन रॉयल पायल दुबे काकेर रोडवेज, हाविबा, मुस्कान बस, गणपती ट्रेवल्स संध्या ट्रेवल्स जागीरदार बस ट्रेबल्स परिवाहन चालकों एवं परिचालकों का सीटी कोतवाली थाना परिसर में मीटिंग रखा गया।जिसमें सभी बस चालकों/परिचालक कों यातायात नियमों के संबंध में अवगत कराते हुये समझाईश दिया गया कि बस चालक/परिचालक हमेशा यूनिफार्म पहनकर ड्रायविंग करें रैली के समय बसों का रूट चेंज करें बस यात्रियों के साथ दुव्यहार न करें सभी यात्रियों को टिकट देवें एवं महिला यात्रियों के लिये उचित स्थान पर गाड़ियां खड़ा करें।शहर के अंदर तीव्रगति से वाहन न चलायें। प्रेशर हार्न का उपयोग न करें।बसों में परमिट से अधिक सवारी न बैठाये एवं सवारियों को बस स्टेशन पर ही उतारें बसों को हमेशा बस स्टेशन के रेम्प पर ही खडा करें, बसों को साप्ताहिक बाजार के दिन बाजार अंदर से न ले जावें। ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बना रहे। गाड़ियों के कागजात जैसे बिमा पलुशन इंश्योरेन्स ड्रायविंग लायसेंस सभी कागजात पूर्ण रखेने हेतु हिदायत दिया गया।

लोक अदालत को लेकर न्यायिक अधिकारियों की अधिवक्ताओं के साथ बैठक

नारायणपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार .आगामी नेशनल लोक अदालत जो 10 मई को आयोजित होने जा रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय नारायणपुर में न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक का मुख्य उददेश्य नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, जैसे मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस पराक्रम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 बैंक वसूली, श्रम विवाद और प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय में पेंडिग मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करना था। जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से अपने पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों, जैसे शीघ्र न्याय, कोर्ट फीस की वापसी, और अंतिम निर्णय की अपील न होने की सुविधा, के बारे में बताए जाने व जागरूक करने कहा गया।

उक्त बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. प्रतिभा मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव रेश्मा बैरागी पटेल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय तथा समस्त अधिवक्तागण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

फूले फिल्म सिनेमाघरों में संचालित करने कलेक्टर को ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में भीम रेजीमेंट द्वारा फूले फिल्म जिसका नीव समानता पर आधारित है। फिल्म को छत्तीसगढ़ एवं पूरे भारत के सिनेमाघरों में संचालित करने के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक विभाग को ज्ञापन जिला इकाई मुंगेली भीम रेजिमेंट के द्वारा सौपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुंगेली भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ कुलदीप जांगड़े, जिला कार्यकारिणी नोबिल नवरंग, दीपचंद गेंदले, लक्ष्मी प्रसाद बंजारा, राजा घृतलहरे, प्रदीप बर्मन, योगेंद्र पात्रे, दीपक बंजारे, अजय भास्कर और अन्य साथी उपस्थित थे।

धर्मेंद्र सतनामी समाज लालाकापा के अध्यक्ष नियुक्त

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत लालाकापा में सतनाम समाज की बैठक का आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से धर्मेंद्र चतुर्वेदी को सतनामी समाज ग्राम पंचायत लालाकापा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला संयोजक से प्रांत छात्रावास प्रमुख के पद पर रहने के बाद बीजेपी के युवा मोर्चा में शामिल है। बैठक में उपाध्यक्ष देवचंद डाहिरे, रोशन चतुर्वेदी सचिव, एकेश्वर दिवाकर सह सचिव, कोषाध्यक्ष सुरज डाहिरे को बनाया गया। इस अवसर पर राजेश, सुनील, बिरेंद्र, सुभाष पात्रे, बलवंत मोहले, प्रदीप सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

विभिन्न पदों पर भर्ती 2 मई को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर द्वारा 2 मई 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर गंगापुर स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैंप में निजी नियोजक एस.बी.आई लाईफ इश्योरेंस कंपनी लिमीटेड अम्बिकापुर के सीनियर एजेंसी मैनेजर श्री नीरज कुमार उपस्थित रहेंगे। कंपनी द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें लाईफ मित्र के 61 पद, सेल्स पर्सन के 43 पद शामिल हैं। इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं से ग्रेजुएशन पास निर्धारित की गई है, वहीं सम्भावित वेतन 10 हजार से 30 हजार रुपए निर्धारित हैं। यह प्लेसमेंट कैंप पूरी तरह निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति की शर्तों की पूर्ण जिम्मेदारी नियोजक की होगी।

आदिवासी भूमि संरक्षण हेतु कलेक्टर ने जारी किए कड़े निर्देश, पावर ऑफ अटॉर्नी के मामलों में होगी जांच

जिला कोर्ट के तर्ज पर एसडीएम व तहसील कोर्ट में भी होगी आनलाइन सुनवाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र है, आदिवासी भूमि के अधिकारों की रक्षा को लेकर कलेक्टर विलास भोसकर ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 165 के तहत आदिवासियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग को रोकने हेतु सख्त निर्देश जारी किए हैं। हाल ही में जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि आदिवासियों की भूमि पर खरीद-बिक्री, रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा, लीज आदि के मामलों में मूल आदिवासी के नाम पर भूमि की पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार करवा ली जाती है। इसके आधार पर अन्य व्यक्ति भूमि का सौदा, रजिस्ट्री, नामांतरण और अन्य राजस्व कार्य करवा लेते हैं, जिससे आदिवासी भूमिहीन हो जाते हैं और उनके अधिकारों का हनन होता है। मूल भू-स्वामी की उपस्थिति यदि किसी न्यायालय में पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर आदिवासी भूमि के हस्तांतरण का प्रकरण आता है, तो उस मामले में मूल भू-स्वामी को न्यायालय में उपस्थित कर पावर ऑफ अटॉर्नी देने के कारणों की जांच की जाएगी। वृद्ध या असमर्थ व्यक्तियों के मामले यदि आदिवासी भू-स्वामी वृद्ध, बीमार या अन्य कारणों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकता, तो

तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मिलकर उस ग्रामीण के घर जाकर उसका बयान दर्ज करेंगे। इस कार्यवाही का वीडियो और फोटो भी न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। ताकि मामले में निराकरण किया जा सके। न्यायालयों का ऑनलाइन प्रबंधनः जिले के समस्त न्यायालयों को ऑनलाइन किया जाएगा। उपरोक्त प्रकरणों में की गई कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखा जाएगा। कलेक्टर विलास भोसकर ने कहा कि आदिवासियों के भूमि अधिकारों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के शोषण और अनाधिकृत भूमि हस्तांतरण को रोकने के लिए यह निर्देश अनिवार्य रूप से पालन किए जाएंगे। कलेक्टर ने आदेश जारी कर अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है। ताकि अनुसूचित जनजाति के हित को संरक्षण किया जा सके।

नीट परीक्षा केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, अभ्यर्थियों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर पहुंचे नीट कोचिंग संस्थान, छात्रों को सफलता के लिए किया प्रोत्साहित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने नीट कोचिंग संस्थान का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और समय प्रबंधन के महत्व पर बल देते हुए कहा कि आत्मविश्वास और समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। छात्रों में कलेक्टर की बातों से उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर कोचिंग संस्था के प्रबंधन ने कलेक्टर को शिक्षण पद्धति और संसाधनों की जानकारी दी। इसी क्रम में कलेक्टर ने आगामी 4 मई को नीट परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 4426 परीक्षार्थी परीक्षा में

सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने मल्टी पर्पज स्कूल, कन्या स्कूल और नगर निगम पालिका स्कूल का निरीक्षण कर बिजली,पेयजल, टेबल कुर्सी, शौचालय, छांव के लिए टेंट जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नीट परीक्षा में वीक्षक की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। ताकि नीट परीक्षा दे रहे किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्रों में असुविधा न हो, उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारी समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा।इस दौरान जिलाधिकारी श्री ए. के. सिन्हा, एपीओ श्री शिवशंकर पांडेय सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध महुआ शराब बिक्री आरोपी युवक गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन कर कार्यवाही किया जा रहा है इसी तारतम्य में आज दिनांक 25.04.2025 को प्रधान आरक्षक फलेन्द्र मनहर को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि सोंठी वार्ड क्रमांक 04 निवासी मनोज कुमार सतनामी अपने घर के सामने अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर हमराह पुलिस स्टाफ एवं गवाहन के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो मनोज कुमार सतनामी पिता रम्मैया लाल उम्र 38 साल साकिन ग्राम सोठी वार्ड नंबर 04 थाना सक्ती का एक थैला के अंदर में 05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जेरिकेन में 05 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब एवं एक लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में 01 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब, जुमला 06 लीटर, कीमती 600 रूपये को रखे हुये रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसे उक्त शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज/लायसेंस हो तो पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया जिससे उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी मनोज कुमार सतनामी का कृत्य धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक लेकर विभिन्न कार्यों का किया समीक्षा

लखनपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कार्यालय सभा कक्ष लखनपुर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल ने ब्लाक लखनपुर तथा/उदयपुर के ग्राम सचिवों की सामुहिक बैठक लेकर पंचायतवार कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए सुशासन तिहार अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किये जाने तथा एस बी एम प्रभावित कार्यों को पूर्ण कर सेग्रीगेशन शेड में कचरा कलेक्शन प्रारंभ करने एवं एनआरएल एम (बिहान) योजना के तहत समुह के महिलाओं को बकरी एवं मछली पालन के लिए प्रेरित करने सुझाव दिये । पीव्हीटीजी बसाहटो में आजिविका से जोड़े जाने मनरेगा अंतर्गत हितग्राहियों का आधार बेस भुगतान एम बी पी एस पूर्ण किए जाने तथा आधे अधूरे अपूर्ण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाने कहा । प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों को तथा जनमन अंतर्गत स्वीकृत आवासों को एक माह के भीतर मुक्कमल कराये जाने निर्देश दिये। इसके अलावा दूरस्थ ग्राम पंचायतो के कार्यों में आ रही समस्याओं को दूर किए जाने के संदर्भ में सभी ग्राम सचीवो को निर्देशित किया। आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी लखनपुर वेदप्रकाश पांडेय सीईओ उदयपुर वेदप्रकाश गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज, जिला से आये विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस को 24 लाख स्वीकृत

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर सरगुजा ने तहसील अम्बिकापुर के नमनाकला निवासी सूरज लकड़ा की मृत्यु तालाब में डूबने से होने पर उनके वारिस उर्मिला, अम्बिकापुर के भिट्ठीखुर्द निवासी प्यारो की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस श्यामजीत, अम्बिकापुर निवासी संगीता कुर्रे की मृत्यु आग से जलने से उनके वारिस निक्की कुर्रे, तहसील धौरपुर के चितरपुर निवासी अभिनेश की मृत्यु पानी में डूबने से उनके वारिस राजिन्दर, धौरपुर के सखौनी निवासी रजिन्दर की मृत्यु सांप के काटने से होने से उनके वारिस आकांक्षा , धौरपुर के जोरी निवासी गंगाप्रसाद की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनसे वारिस अंशुराम को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

5 मई से 31 मई तक तीसरे चरण में समाधान शिविरों का होगा आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में बीते 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार के पहले चरण में आमजनों से शिकायतों, मांग एवं समस्याओं से सम्बंधित आवेदन लिए गए। इसके पश्चात 12 अप्रैल से शुरू दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों के संबंधित विभाग द्वारा निराकरण की कार्यवाही की जा रही है, यह कार्य 4 मई तक जारी रहेगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन कर संवाद से समाधान किए जाएंगे। इस दौरान जिले में सभी विकासखण्डों में निर्धारित ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी, साथ ही शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी और हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र-प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। जिले में शिविर आयोजित किए जाने हेतु स्थान, तिथि एवं दिन का निर्धारण किया गया है एवं शिविर के सफल आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं सहायक नियुक्त किए गए हैं। 06 मई 2025 को विकास खण्ड बतौली के ग्राम खड़धोवा, अम्बिकापुर के ग्राम नवानगर तथा मैनपाट के ग्राम रोपाखार में शिविर का आयोजन होगा।इसी प्रकार 08 मई 2025 को विकास खण्ड अम्बिकापुर के ग्राम परसा, लुण्ड्रा के ग्राम उदारी व बतौली के ग्राम बोदा में शिविर होगा। 10 मई 2025 को अम्बिकापुर के ग्राम करजी , लखनपुर के ग्राम कुसू में शिविर निर्धारित है। 13 मई 2025 को अम्बिकापुर के ग्राम मेण्ड्राकला , लखनपुर के ग्राम अंधला में तथा उदयपुर के ग्राम पुटा (रामगढ़) में आयोजित किया जाएगा।

जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने संयुक्त दल गठित

■ बाल विवाह की संभावनाओं को समाप्त करना और बाल अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उद्देश्य

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार बाल विवाह रोकथाम हेतु संयुक्त दल का गठन किया गया है। इस दल में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी सम्मिलित हैं। दल का उद्देश्य जिले में बाल विवाह की संभावनाओं को समाप्त करना और बाल अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। इसके लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में बाल विवाह के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। बाल विवाह के कारण बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, इसलिए इसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार राज्य में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें जिले को भी बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिले तो तुरंत जिला स्तरीय या स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें। बाल विवाह की सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या मोबाइल नंबर 7000296589 पर भी संपर्क किया जा सकता है। जिला स्तर पर गठित दल नियमित रूप से निगरानी करेगा और ग्राम पंचायतों में भी स्थानीय समितियों के माध्यम से कार्यवाही की जाएगी।

सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक 2 को

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक कलेक्टर सह पदेन अध्यक्ष सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में 02 मई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सर्वसम्बन्धितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

संवाद से समाधान | किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने पात्र हितग्राहियों को ऋण पुस्तिकाएं वितरित की

सुशासन तिहार में कुड़केल के हितग्राहियों को मिली द्वितीय ऋण पुस्तिका

■ सुशासन में संवाद से हो रहा समाधान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पूरे छत्तीसगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार नागरिकों के समाधान का माध्यम बन रहा है। विकासखंड बतौली के ग्राम कुड़केल में किसानों द्वारा द्वितीय ऋण पुस्तिका की मांग को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को ऋण पुस्तिकाएं वितरित की। सुशासन तिहार अंतर्गत हुमेश्वर, द्रोण कुमार, झनक राम, शिवनाथ को द्वितीय ऋण पुस्तिका में प्रदाय की गई, जिस पर हितग्राही झनक राम ने बताया कि हमने सुशासन तिहार में अपनी समस्या रखी थी, हमें उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी समाधान मिलेगा। कुछ ही

दिनों में ऋण पुस्तिका हाथ में मिल गई, जिससे हमें आगे की सरकारी योजनाओं में लाभ मिलेगा। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करता हूँ। वहीं कृषक शिवनाथ ने द्वितीय ऋण पुस्तिका प्राप्त होने पर बताया कि अब तक हम बिना ऋण पुस्तिका के कई योजनाओं से वंचित रह गए थे। अब हमारे पास दस्तावेज हैं और हम आगे किसी भी सरकारी योजना का लाभ ले सकेंगे। यह बदलाव हमारे जीवन में बड़ा असर लाएगा। कृषक श्री हुमेश्वर ने कहा कि, पहले कई बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़े थे, लेकिन इस बार सुशासन तिहार में सीधे प्रशासन से संवाद करने का मौका मिला और समाधान भी हुआ। इसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन के कार्यों की सराहना की। 'संवाद से समाधान तक' की थीम पर आधारित सुशासन तिहार न केवल मांग और शिकायतों के समाधान का माध्यम बन रहा है, बल्कि आमजनों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को भी सशक्त कर रहा है।

हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के ऑपरेशन व उपचार हेतु काउंसलिंग हुआ आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में चिरायु दल के द्वारा जन्मजात रोग से ग्रसित बच्चों का चिन्हांकन किया गया।सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं एसईसीएल के प्रोजेक्ट ''धड़कन'' के संयुक्त तत्वधान में श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल नवा रायपुर एवं जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के मेडिकल कॉलेज के समन्वय से हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के ऑपरेशन एवं उपचार हेतु कांउसलिंग की गई। इस दौरान जिला स्तरीय कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ एम.एस.रविन्द्र, डॉ निखिल, डॉ स्मिता परमार, डॉ श्रीकांत सिंह चौहान, डॉ वंदना गुप्ता, श्री विकास सिंह एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी व ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राही उपस्थित थे।

चिरायु कार्यक्रम के तहत शून्य से 18 वर्ष के बच्चों की छः चरणों में स्क्रीनिंग किया जाता है। बता दें चिरायु टीम के द्वारा जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, मदरसा, आश्रम और हॉस्टल को कवरेज किया जा रहा है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की स्थिति में 585 गावों में 2383 आंगनबाड़ी और 2074 स्कूलों के 2,17,809 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

न्यूज़ गैलरी

जीवन दीप समिति की हुई बैठक

लखनपुर/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर में 29 अप्रेल दिन मंगलवार को जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित हुई। जीवन दीप समिति के पदेन अध्यक्ष विधायक राजेश अग्रवाल बैठक में शामिल हुये। क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त करने जैसी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुये विधायक अग्रवाल ने अस्पताल में चिकित्सक एव स्टाफ की कमी, एम्बुलेंस की अनुपलब्धता, सोलर सिस्टम की खराबी, वाटर कूलर, इन्वर्टर तथा कुर्सियों की आवश्यकता, लेबर रूम व ड्रेसिंग रूम की मरम्मत, अस्पताल परिसर की रंगाई-पुताई, गार्डनिंग कार्य, सीबीसी मशीन हेतु रसायनों की आपूर्ति, आपातकालीन दवाओं की व्यवस्था इलेक्ट्रिकल कार्य तथा अस्पताल प्रबंधन से जुड़े दूसरे जरूरत पर चर्चा करते आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, इलाज के लिए आये मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं, कुशलक्षेम जाना और संबंधित अधिकारियों को जनहित में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ0ओ0 पी0 प्रसाद, डॉ0 पी0 एस0 केरकेट्टा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, राजेन्द्र जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि बल्लू शर्मा एवं सौरभ अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अलग-अलग घटनाओं में मारपीट का मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग घटनाओं में हुये मारपीट के मामले में लखनपुर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच कार्यवाही में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक तीजों बाई पति संतलाल उम्र 55 वर्ष जाति रजवार साकिन ग्राम बिनकरा ने थाना उपस्थित आकर आरोपी अशोक राजवाड़े तथा शिवशंकर राजवाड़े दोनों निवासी ग्राम बिनकरा 26 अप्रैल को जमीन सीमांकन विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट किये जिसकी प्राथमिकी दर्ज पिडिता ने कराई है। वहीं दूसरे मामले में ननका सागर आ0 नान्ही सागर उम्र 40साल जाति घासी साकिन शिवपुर नपं लखनपुर ने 29 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को थाना लखनपुर पहुंच एफआईआर दर्ज कराया कि --वह एक नीजी बगीचे में आम पहरेदारी कर रहा था तकरीबन शाम 5 बजे आंधी तूफान आने से पेड़ के आमफल गीरने लगे। तभी आर्यन एवं सोनू दोनों निवासी लखनपुर जमीन पर गीरे आमफल को एक बार उठा कर ले गए। तथा दूसरी बार आम उठाने आये तो ननका सागर ने जमीन पर गीरे आम फलों को उठाने से मना किया। इसी बात से दोनों युवक भड़क उठे और बगीचे के पहरेदार की जमकर पिटाई कर दी।

श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई, लोग मंदिरों में पानी का कलश सहित सत्तू व अन्न दान करते रहे

अक्षय तृतीया पर्व शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। अक्ती पर्व शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण मटका और पुतरा-पुतरी एक दिन पूर्व ही खरीदकर रख लिए और पुतरा-पुतरी की शादी रचाई गयी और पूरी विवाह शादी की रस्में पूरी की गयी। नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखा गया। अंचल में आज अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में होगी शादियां। बैंड, डीजे, भवन, वाहन आदि पहले से ही बुक कर लिये गये है। अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव सर्व ब्राह्मण परिषद मुंगेली की तीनों विंग महिला, पुरूष एवं युवाओं ने सपरिवार एक साथ श्रीराम मंदिर सोनार पारा में विधि विधान पूर्वक भव्य पूजा अर्चना कर मनाया गया।

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में अक्ती पर्व को लेकर लोगों व बाजार में जोरदार रौनकता बनी रही। आज अक्ती पर्व शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया। नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखा गया। वहीं कुम्हार मटका व पुतरा-पुतरी बेचकर अच्छे आमदनी कमाने लगे हैं। अक्षय तृतीया के शुभ मुहुर्त में जहां एक तरफ लोग अपने बेटा, बेटियों का विवाह सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुटे रहें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आज अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में शादी का मुहुर्त है। बैंड, डीजे, भवन, वाहन आदि पहले से ही बुक कर लिये गये है। वहीं दूसरी

तरफबच्चे भी अपने गुड्डे, गुडियां की शादी धूमधाम से रचाने की तैयारियों में जुटे रहे। परीक्षाओं से निवृत्त होने के बाद बच्चों के सबसे प्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया या अक्ती में बच्चों के लिए गुड्डे, गुड़ियों की शादी का खेल सबसे रोचक है। अक्ती के दिन बच्चों द्वारा गुड्डा, गुडिया की शादी का खेल खेलना भी उसी विशिष्ट परम्परा का हिस्सा है, जिससे पर्व निखर उठते हैं। अक्ती के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच जाते हैं। जिनके घर बच्चे होते हैं वे तो अनिवार्य रूप से पुतरा-पुतरी खरीदते हैं। यदि दो घर के बच्चे इसे सम्मिलित रूप से खेल रहे हों तो एक घर में पुतरा को और दूसरे घर में पुतरी को रखा जाता है। इसके बाद छोटा सा मण्डप तैयार किया जाता है और चूलमाटी, तेलमाटी, बारात का प्रदर्शन करते हुए बच्चे सूपा, चन्नी, टीपा और थाली को लकड़ी से बजाकर बाजा की आवश्यकता को पूरा करते हैं। अक्ती का दिन इस खेल का अंतिम दिन होता है। पाणिग्रहण करने के साथ घर के अन्य सदस्य टिकावन में रूपए, पैसे देते हैं। इस खेल से बच्चे अपना मनोरंजन करते हैं साथ ही यदि पैसा शेष बचता है तो उसे आपस में बांट भी लेते हैं। पुतरा-पुतरी के बिहाव के जरिए विवाह की परम्परा को सुंदर ढ़ंग से प्रस्तुत किया जाता है।कुछ इसी अंदाज में अपने गुड्डा गुडिया का विवाह रचाने उत्साही बच्चे अक्षय तृतीया की रूप रेखा बनाने और तैयारियों में जुट रहे। आज के दिन दान दक्षिणा का भी विशेष महत्व बताया गया है,जिसके चलते आज मंदिरो मे श्रदालुओ की भारी भीड नजर आयी लोग मंदिरो मे पानी का कलश सहित सत्तू व अन्न दान करते रहे। इस दिन मटकी में जल दान करने की भी परंपरा है। अक्ती के दिन अपने पुरोहित को लाल मटका एवं पानी के लिए रूपये दान करते हैं।

सीईओ ने सुशासन तिहार व योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ली समीक्षा बैठक

सुशासन तिहार: प्राप्त आवेदनों का तय समय पर निराकरण करने के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत के सीईओ विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद पंचायत लखनपुर के सभा कक्ष में लखनपुर एवं उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सुशासन तिहार, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बिहान, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), एनआरएलएम सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने सभी अधिकार - कर्मचारियों निर्देशित किया कि,सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किए जाएं। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) अंतर्गतसभी प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा सेग्रीगेशन शेड में कचरा संग्रह प्रारंभ करने पर जोर दिया गया। एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण

आजीविका मिशन) अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को बकरी पालन, मछली पालन आदि गतिविधियों से जोड़कर आजीविका सृजन हेतु प्रोत्साहित करने करने को कहा, उन्होंने मनरेगा के हितग्राहियों का आधार-सहित भुगतान शीघ्र पूर्ण करने तथा अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने तथा जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवासों को एक माह के भीतर पूरा करने की निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का शीघ्र निवारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयोजित इस बैठक में लखनपुर-उदयपुर विकासखंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी (जिला पंचायत), एसबीएम, एनआरएलएम एवं मनरेगा के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बांस के बने शादी सामानों की अब खरीदारी बढ़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में शादी विवाह का आयोजन चल रहा है। जिसके चलते खासकर साप्ताहिक बाजारों में बांस से बने सामान की मांग बनी हुई है। वैवाहिक कार्यक्रम हेतु बड़ी संख्या में लोग इन्हें खरीद भी रहे हैं। बेचने वालों के पास शहर सहित गांव-गांव के लोग पहुंच रहे हैं। प्लास्टिक के बने सामानों के चलते बाजार में बांस से बने गृह उपयोगी सामानों की पूछपरख कम हो गई है। सिर्फशादी विवाह आदि के समय रस्म पूरी करने बांस आदि से बने गृह उपयोगी सामान लोग खरीदते हैं। शादियों के लिए अक्षय तृतीया के दिन को सर्वोत्तम माना जाता है इस दिन मुहूर्त का इंतजार नही किया जाता, शादी के अलावा अन्य संस्कारो के लिए भी अक्षय तृतीया को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया में विशेष मुहूर्त हैं जिसके चलते अंचल में अक्षय तृतीया के दिन बडी संख्या में शादियां होंगी। अक्ती त्योहार को लेकर जहां सभी घरो में गुड्डा-गुडियों का परम्परागत् रूप से शादी कराया जाता है। मंडपाच्छादन से लेकर हल्दी एवं बारात निकासी से लेकर बच्चों में जहां उत्साह नजर आता है वहीं घर के सभी सदस्य गुड्डा-गुडियों कि शादी में शामिल होकर उत्साह को दुगना कर देते है। शादी के सीजन में सूपा, झेंझरी, डलिया, बिहाव पर्रा, बिजना पंखा, भांवर चुकी, झाल की मांग है। गांव के साथ शहर के लोग भी शादी में परंपरा निर्वहन करने बांस के इन सामानों की खरीददारी करते हैं। रामनवमी से शादी का सीजन प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते इन बांस से बने सामानो की मांग बनी हुई है।

मौसम ने बदला मिजाज शहर में एक घंटे हुई बारिश

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर मे मौसम का मिजाज बदला और शाम एक घंटे बारिश हुई। तेज हवाओं व बिजली की चमक के साथ हुई बारिश ने कुछ देर के लिए अस्त-व्यस्त कर दिया था।

इस दौरान शहर के कई इलाकों में बिजली बंद रही जिससे अनेक स्थानों पर पानी कि सप्लाई भी बाधित रही लगातार गर्मी से हलाकान हो रहे शहरवासियों को बीते कुछ दिनो से राहत मिल रही है। बदली और बारिश के चलते वातावरण में ठंडक आ गई है। मंगलवार को भी दिन का मौसम धूप वाला ही रहा और गर्मी व उमस से लोगों को हलाकान होना पडा, लेकिन शाम पांच बजते ही धूल भरी हवाएं चलने लगी। कुछ ही देर में तेज हवाओ के साथ बारिश भी होने लगी। बारिश इतनी तेज थी कि शहर कि सड़के सूनी हो गई थी। इस समय सडक पर आवागमन कर रहे लोगो को दुकानो कि शरण लेनी पडी। बारिश इतनी तेज थी कि पुराना बस स्टैण्ड के गेट के पास पानी सडकों पर जमा हो गया था। इसी तरह शहर में अनेक स्थानों पर बिजली अगले दिन तक बंद रही। अंधड और बारिश के बीच शहर के ज्यादातर इलाके अंधेरे में डुब गए। शाम से लाईट बंद देर रात तक नार्मल नही हो सकी। बताया जा रहा है कि कुछ इलाको में अगले दिन लाईट आई, बिजली कर्मचारियों को फाल्ट ढुंडने में काफी समय लग गया। कई जगह लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बंद होने कि शिकायत मिली।

नहीं रहे शक्ति के राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती के राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से शक्ति रियासत एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ने 29 अप्रैल 2025 दिन- मंगलवार को अपने शक्ति स्थित हरि गुजर महल में अंतिम सांस ली, राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, तथा महल में ही रहकर ही वे अपना स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे, राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के निधन के समाचार से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है, तथा वे मध्य प्रदेश की दिग्विजय सरकार में जहां कैबिनेट मंत्री रहे तो वही शक्ति रियासत के राजा के रूप में उनकी लोकप्रियता पूरे देश में बरकरार थी।

महिलाओं और किशोरियों को मिलेगा दसवीं की शिक्षा का दूसरा अवसर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित 'रिमोट सेकंड चांस' प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ की किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को ओपन बोर्ड के माध्यम से कक्षा दसवीं की तैयारी का एक सुनहरा अवसर मिल रहा है। यह कार्यक्रम उन महिलाओं और किशोरियों के लिए एक नई राह लेकर आया है, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गई थीं।

प्रथम संस्था, एक गैर सरकारी समाजसेवी संगठन है जोकि शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से काम कर रहा है। संस्था का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को दसवीं कक्षा की परीक्षा की तैयारी हेतु मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण देना है। इस दौरान प्रतिभागियों को बुनियादी शिक्षा से लेकर मुख्य विषयों की मजबूत नींव प्रदान की जाती है, ताकि वे ओपन बोर्ड की परीक्षा सफलतापूर्वक पास कर सकें। रिमोट सेकंड चांस में केवल 14 वर्ष से अधिक आयु की किशोरी बालिकाएं और महिलाएं पात्र होंगी। इसमें निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा सामग्री एवं मार्गदर्शन प्राप्त होंगे। ओपन बोर्ड परीक्षा फॉर्म भरवाने एवं परीक्षा दिलवाने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। आगे की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक धनेश कुमार भास्कर द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर पात्र एवं इच्छुक लाभार्थियों की पंचायतवार सूची तैयार कर संस्था को प्रदान की जाएगी, जिससे कोई भी पात्र महिला या किशोरी इस अवसर से वंचित न रह जाए। प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम की गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु स्थानीय अमले को सक्रिय रूप से जोड़ते हुए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। रिमोट सेकंड चांस की यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा।

जलस्रोत संरक्षण और पेयजल आपूर्ति को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय गतिविधियों, राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों, विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर कटारा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को समय रहते हस्तांतरित करने के निर्देश दिये, ताकि उनका शीघ्र एवं व्यवस्थित निराकरण सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा साथ ही निराकृत प्रकरणों की ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समाधान न केवल समय पर बल्कि गुणवत्तापूर्ण एवं आवेदकों की संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई 2025 तक चिन्हित स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जहां शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण और शिकायतों के समाधान की जानकारी मौके पर दी जाएगी। कलेक्टर ने शिविर स्थलों पर पेयजल, पंडाल, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं समयपूर्व पूर्ण करने को कहा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने पीएचई विभाग को जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा । उन्होंने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्त्रोतों का संरक्षण और सुदृढ़ीकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए योजना अंतर्गत स्वीकृत कुएं, डबरी तथा तालाब गहरीकरण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करायें। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आयोजन | पहाड़ी गांव घटोन में पहली बार पशु चिकित्सा शिविर

260 पशुओं का टीकाकरण, बकरियों में हुआ कृत्रिम गर्भाधान

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के लखनपुर विकासखंड के दूरस्थ पहाड़ी गांव घटोन में पहली बार पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह गांव अब तक सड़क संपर्क से वंचित था, लेकिन हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा 5 किलोमीटर सड़क निर्माण के बाद चिकित्सा दल यहां पहुंच सका। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में 260 पशुओं को खुरपका और चेचक रोग के टीके लगाए गए तथा 25 पशुओं का इलाज किया गया। साथ ही, बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान की शुरुआत भी हुई। बता दें कि घटोन गांव के अधिकांश ग्रामीणों की

आजीविका बकरी पालन पर निर्भर है। ग्रामीण इन बकरियों को अपना ÷एटीएम÷ मानते हैं। हाल ही में हुई ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने कलेक्टर से पशु टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा मांगी थी, जिसके बाद इस शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए थे कि बकरियों में उन्नत नस्ल विकसित कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने पर ध्यान दिया जाए। इस शिविर में लखनपुर के पशु चिकित्सक डॉ. सफ़दर और डॉ. नेहा सिंह ने किया। इस दौरान अंबिकापुर से उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. आरपी शुक्ला और डॉ. सीके मिश्रा भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और नियमित टीकाकरण की आवश्यकता को बताया । जिला प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि अब तक उनके पशुओं को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती थी। सड़क निर्माण और स्वास्थ्य शिविर जैसी पहल से अब घटोन गांव के ग्रामीणों में विकास की एक नई उम्मीद जगी है।

वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत, मर्ग कायम

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के अम्बिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 स्थित लखनपुर तहसील कार्यालय के समीप 27 अप्रेल दिन रविवार की रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार चपरासी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महेन्द्र दास ग्राम पुहपुटरा हाल मुकाम ग्राम कोसगा जंप लखनपुर के मनरेगा शाखा में चपरासी के पद पर कार्यरत था। रात आफिस बंद कर करीब 11 बजे अपने ससुराल ग्राम कोसगा वापस जा रहा था तभी तहसील कार्यालय के समीप पीछे से अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चपरासी को ठोकर मार दी। जिससे महेंद्र दास की सिर में गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों ने कार रूकवाकर घायल को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात होने कारण शव को मर्चुरी में रखवाया गया। हादसे की इतिला थाना लखनपुर में दी गई। पुलिस सुबह अस्पताल पहुंच मकतूल के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

महामाया मंदिर सामूहिक विवाह में 117 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

शोभा टाह फाउंडेशन में 10 जोड़ों का किया गया कन्यादान, पिछले 12 सालों से सामूहिक विवाह का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया यानी कि अक्ति के दिन शुभ लगीन पर, हर वर्ष होने वाले सामूहिक विवाह में इस बार महामाया मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह मैं 117 जोड़ों ने अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की सुबह से ही महामाया भागवत मंच में सामूहिक विवाह की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई थी।

महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि इस बार 117 जोड़े का विवाह मंदिर ट्रस्ट के द्वारा कराया जा रहा है और सभी को ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से वधु के खाते में 5100/ डाले गए। वहीं चांदी का मंगलसूत्र एवं विवाह का वेशभूषा, दहेज रूपी सामान वितरित किए गए, बताया गया कि आने के लिए तो बहुत से आवेदन विवाह करने के लिए आए थे जिसमें से 117 लोगों के दस्तावेज सही पाए जाने पर उनका विवाह संपन्न कराया गया और लगभग 30-32 जोड़े ऐसे भी आए थे जिनका सही दस्तावेज नहीं होने की वजह से उनकी छटनी की गई, इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा, संतोष शुक्ला, मनराखन जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, संतोष शर्मा इत्यादि ट्रस्टी गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आर्थिक रुप से कमजोर परिवार की बेटियां हंसी-खुशी हुई विदा

कन्यादान महायज्ञ महान पुनीत कार्य शोभा टॉह फाउंडेशन के द्वारा अक्षय तृतीया को जगन्नाथ मंगलम में किया गया। निर्धन परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक विवाह के लिए शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष कन्यादान महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया गया। यह आयोजन 12वां वर्ष है और इस बार यह कार्यक्रम जगन्नाथ मंगलम, पुराना बस स्टैंड, बिलासपुर में संपन्न हुआ। नगर के प्रबुद्ध जन विशेष रूप से तोखन साहू, अमर अग्रवाल, अटल श्रीवास्तव, सुशांत शुक्ला, जय सिंह

अग्रवाल, विजय केशरवानी, प्रमोद नायक, रविंद्र सिंह, डॉक्टर एल सी मढ़लिया, राजीव अग्रवाल, शेखर मुदलियार सहित अनेक गणमान्य नागरिक आशीर्वाद समारोह में उपस्थित रहे। शोभा टाह फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह ने सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप गृहस्थी में उपयोग होने वाले सामानों का भेंट दिए। इस दौरान कन्यादान महायज्ञ में पहले से पंजीकृत 10 जोड़ों को विवाह के लिए आवश्यक वस्त्र एवं श्रृंगार सामग्री ससम्मान भेंट की गई। इस आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को गरिमापूर्ण ससम्मान विवाह के योग्य होने पर पूरी विधि विधान से विवाह आयोजन करना है।

न्यूज गैलरी

ब्लॉक कांग्रेस की स्वास्थ्य न्याय यात्रा 2 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा 2 मई को स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाली जाएगी । यह यात्रा अपोलो हॉस्पिटल से शुरू होकर नेहरू चौक में समाप्त होगी और यहां पर कांग्रेस के बड़े नेता सभा को संबोधित करेंगे। स्वास्थ्य न्याय यात्रा को लेकर आज शाम 7 बजे ब्लाक कांग्रेस कमेटी एक के द्वारा न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भारत कश्यप के निवास में कांग्रेस की बैठक रखी गई है । जिसमें वार्ड क्रमाक 15, 16, 17,1 8, 19, 20 और 21 चाटापारा कुटूडन नेहरु नगर, जरहाभाटा, भक्त कवर रामनगर सताईस खोली, राजेंद्र नगर, क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जन पार्षद पूर्व पार्षद, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ज़ोन अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं समस्त कांग्रेस जनों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने बताया कि कांग्रेस की आयोजित न्याय यात्रा को लेकर आज आम जनों के बीच भी कांग्रेस के पदाधिकारी पहुंचे और अपोलो प्रबंधन की लापरवाही की जानकारी दी। और शहर के सभी वार्डों में आम नागरिकों से संपर्क करके पदयात्रा में शामिल होने की अपील कर रहे हैं ।

कमिश्नर-आईजी ने की नीट परीक्षा तैयारी की समीक्षा

नीट की परीक्षा 4 को 21 केंद्रों में 7,544 बच्चे परीक्षा में होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। नीट की परीक्षा इस बार रविवार 4 मई को बिलासपुर सहित देश के कई शहरों आयोजित की गई है। चिकित्सा कॉलेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के मेरिट के आधार पर तय होती है। संभागायुक्त सुनील जैन और आईजी संजीव शुक्ला ने मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर इसके लिए की जा रही तैयारी की समीक्षा की। केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने एन टी ए की गाइडलाइन और एस ओ पी की जानकारी देकर इनका अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित नोडल अधिकारी और सभी केंद्राध्यक्ष इस अवसर पर उपस्थित थे। बिलासपुर के 21 केंद्रों में 4 मई को परीक्षा का आयोजन होगा और इसमें 7544 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कमिश्नर श्री जैन ने कहा कि गरमी के मद्देनजर बच्चों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होने चाहिए। पानी पिलाने के लिए कर्मचारियों की भी पर्याप्त संख्या हो। व्हील चेयर की व्यवस्था हो। दिव्यागजनों के लिए नीचे के कमरों में बैठने की व्यवस्था हो। विद्युत व्यवस्था बाधित न हो। कमिश्नर ने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगाई गई है उन्हें पास जारी किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में जनरेटर की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से करने कहा। अनधिकृत कोई भी व्यक्ति केंद्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आईजी संजीव शुक्ला ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों की नामजद ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने अपील की कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई भी संदिग्ध सूचना मिलने पर पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दें। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को भी चौकन्ना रहकर सुरक्षा के तमाम इंतजाम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि परीक्षा आयोजन के लिए जारी एसओपी का अक्षरशः पालन करना है।

ये सामान नहीं ले जा सकेंगे परीक्षार्थी

परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी स्टेशनरी सामग्री जैसे टेक्स्ट मटेरियल, पेपर का टुकड़ा, ज्योमेट्री, पेन, पेंसिल बॉक्स, राइटिंग पैड, पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर नहीं ले जा सकेंगे। कम्युनिकेशन डिवाइस जैसे मोबाइल, फोन, ब्ल्यू टूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड नहीं ले जा सकेंगे। अन्य सामग्री जैसे वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग्स, बेल्ट कैप, घड़ी, कलाई घड़ी, कैमरा, आभूषण, मेटैलिक आइटम, खाद्य सामग्री खुले या पैक्ड, पानी की बॉटल भी प्रतिबंधित है।

नगर निगम ने की 100 करोड़ की रिकार्ड वसूली

■ फिर भी वेतन संकट बरकरार

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की आर्थिक हालत इस वर्ष करीब 100 करोड़ रुपये की टैक्स और राजस्व वसूली से कुछ हद तक संभली है। राज्य शासन से मिलने वाले मुद्रांक शुल्क और संधारण मद की राशि निगम को पिछले दो वर्षों से नहीं मिली है। करीब 18 करोड़ रुपये का मुद्रांक शुल्क और 7 करोड़ रुपये की संधारण राशि अभी लंबित है। इसी के चलते निगम को प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी करनी पड़ रही है। हाल ही में इन कर्मचारियों ने आयुक्त से मुलाकात कर स्थिति स्पष्ट की थी।नगर निगम को आमतौर पर जमीन की रजिस्ट्री से एक प्रतिशत मुद्रांक शुल्क मिलता है, जिसका उपयोग कर्मचारियों के वेतन में होता है। इस बार पूरा वित्तीय वर्ष गुजर जाने के बाद भी यह राशि नहीं मिली है। निगम को इन दोनों मदों से लगभग 50 करोड़ रुपये की उम्मीद है।निगम का मासिक स्थापना व्यय लगभग 5 करोड़ रुपये है। इसमें से सवा दो करोड़ रुपये वेतन पर खर्च होते हैं, जबकि शेष राशि बिजली, ईंधन और मरम्मत जैसे मदों में जाती है। इसके विपरीत निगम की कुल वार्षिक आय मात्र 40 करोड़ रुपये के आसपास है, जबकि खर्च 60 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि, वर्तमान में मन तो नगर निगम में इस बार अच्छी वसूली हो हुई है।

अनुकंपा नियुक्ति केवल रियायत कानूनी अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि अनुकंपा नियुक्ति किसी व्यक्ति का कानूनी अधिकार नहीं बल्कि केवल एक रियायत होती है। हाईकोर्ट ने कहा कि यदि नियुक्ति स्वीकार कर ली जाती है, तो बाद में पद परिवर्तन या पदोन्नयन की मांग का कोई वैधानिक आधार नहीं बनता। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता अभिनय दास मानिकपुरी की याचिका खारिज करते हुए की।

याचिकाकर्ता के पिता घनश्याम दास लोक निर्माण विभाग, धमतरी में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। 14 मार्च 2018 को उनके निधन के बाद अभिनय दास ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया। विभाग ने प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें माली के पद पर नियुक्त करने का आदेश जारी किया। हालांकि, अभिनय दास ने चालक के पद पर नियुक्ति की मांग की और विभागाध्यक्ष से इसकी अनुशंसा भी करवाई। इसके बावजूद, रिक्त पदों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए विभाग ने उन्हें माली पद पर नियुक्त किया, जिसे उन्होंने 2020 में स्वीकार कर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके पश्चात, उन्होंने योग्यता के आधार पर पद परिवर्तन कर चालक पद पर नियुक्त करने हेतु हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

अनुकंपा नियुक्ति मानवीय दृष्टिकोण से दी गई छूट है

कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति संवैधानिक या वैधानिक अधिकार नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण से दी गई छूट है। यदि कोई व्यक्ति इस नियुक्ति को स्वीकार करता है, तो बाद में पद में बदलाव की मांग न्यायिक हस्तक्षेप के योग्य नहीं होती, जब तक कि नियुक्ति में किसी प्रकार की कानूनी अनियमितता न हो। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा की सीमा अत्यंत संकीर्ण होती है। न्यायालय के इस निर्णय के साथ ही याचिका खारिज कर दी गई, जिससे यह संदेश गया कि अनुकंपा नियुक्ति को लेकर की गई नियुक्ति प्रक्रिया और पद स्वीकृति के बाद उस पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता।

लघु अवधि प्रशिक्षण के लिए आवेदन 12 मई तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश हेतु विभिन्न कोर्स में आवेदन जमा किये जा रहे है। प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 12 मई है। इच्छुक आवेदिका जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई कोर्स हेतु आवेदन कर सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

राठौर ने बच्चों को किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाई: पांडेय

■ प्रधानपाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

सीपत /नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जांजी के प्रधानपाठक सनत कुमार राठौर के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जांजी में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्राचार्या ज्योति तिर्की व संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि श्री राठौर ने बच्चों को सिर्फ़ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। उन्होंने विद्यालय पूरे

मन से सजाने संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उनसे कई शिक्षकों ने काफी कुछ सीखा है। शिक्षकों का दर्जा उस परमपिता परमेश्वर से भी ऊपर दिया गया है, जो पूरे सृष्टि को चलाते हैं। शिक्षक कभी भी रिटायर नहीं होता। विद्यालय से कार्यमुक्त होने के बाद शिक्षक जब घर जाता है, तो वहां पर परिवार और समाज की जिम्मेदारी उन शिक्षकों के ऊपर संभालनी पड़ती है। इस दौरान संकुल केंद्र जांजी प्राचार्य जे तिर्की, पूर्व प्रधा पाठक जांजी (सेवानिवृत्त) एचएस क्षत्रिय, संकुल केंद्र समन्वयक जांजी टी आर कौशिक, संकुल केंद्र शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पांडे, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र पाटले, पंच चेतन सिंह क्षत्रिय हेमंत यादव, विजेंद्र रात्रे व सीएस राजपूत, डीके दीक्षित, यूके अशफाक खान, स्वप्निल वर्मा, नीलू सिंह, भुवन प्रसाद साहू, गुलाब चंद्राकर, सूर्यकांता पांडेय, कुसुम लता चंद्राकर, आशा उज्जैनी , विभा सोनी, कल्पना शर्मा, अमरदीप भोगल, प्रशांति खलखो, भूपेंद्र सहित जांजी के सभी शिक्षकगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जनपद के पांच विभागों में सभापति निर्विरोध चुने गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी जनपद पंचायत में मंगलवार को जनपद सभापति चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के बाद स्थायी समिति का चुनाव की प्रक्रिया दोपहर दो बजे तक सम्पन्न हो गई, जिसमें सामान्य प्रशासन के सभापति के साथ कुल पांच विभागों का सभापति और सदस्यों का निर्विरोध चुना गया। स्थायी समिति के सभापति और सदस्यों के चयन के बाद जनपद पंचायत के सामान्य सभा की बैठक कर ग्रामीण क्षेत्र के विकास की शुरुआत करेंगे। जनपद पंचायत मस्तूरी की स्थायी समिति का गठन करने के लिए मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा एवं मस्तूरी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेआर भगत ने 12बजे से चुनाव की प्रक्रिया शुरु की और दोपहर दो बजे तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी करवाई, जिसमें 5 स्थायी समिति का निर्वाचन हुआ, जिसमें जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर को शिक्षा स्थायी समिति का सभापति एवं धरम भार्गव, राकेश शर्मा, ज्वाला प्रसाद बंजारे एवं अनिता गुप्ता को निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए। जनपद सदस्य ओमप्रकाश गौरहा (राजू पंडित) को संचार एवं संकर्म स्थायी समिति का सभापति एवं धरम भार्गव, राकेश शर्मा, अनिता गुप्ता एवं उषा देवी केवट को निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए। जनपद सदस्य मनोज खरे को कृषि स्थायी समिति का सभापति एवं मंजू देवी कुर्रे, लवंगलता कार्तिक राम पटेल, चांदनी रात्रे, प्रतिभा वीरू अंचल को निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए।

मस्तूरी जनपद पंचायत में जनपद सभापति चुनाव

अधीक्षण अभियंता अरोरा हुए सेवानिवृत्त

■ पॉवर कंपनी के 3 कर्मियों को दी गई विदाई

बिलासपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र से माह अप्रैल में 3 अधिकारी/ कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए जिन्हे कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले में आर.के. अरोरा, अधीक्षण अभियंता, ईश्वर प्रसाद चन्द्रा, मुख्य सुरक्षा सैनिक, बंशी दास मानिकपुरी, लाईन सहायक श्रेणी-एक ने विद्युत कंपनी से मिले सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यालय, कार्यपालक निदेशक (बि.क्षे.) में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री आर.के.अरोरा ने अपने सेवानिवृत्ति के अवसर पर कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सभी के सहयोग से कर पाया, जिसके लिये मैं पॉवर कंपनी एवं अधिकारी/कर्मचारियों का आभारी हूं। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बस्ट ने सेवानिवृत्त हो रहे विद्युत कर्मियों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय पावर कंपनी के विकास में देने के लिए पॉवर कंपनी की ओर से उन्हे धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि कर्मचारियों के अथक परिश्रम से ही पॉवर कंपनी प्रगति पथ की ओर अग्रसर है।

आस्था

खड़कपुर के पुजारी पार्थ सारथी ने गीली हल्दी से देवी की मनोहारी प्रतिमा निर्मित की

सोलापुरी उत्सव में श्रद्धालुओं ने की लक्ष्मी नरसिंह की पूजा-अर्चना

बिलासपुर/नवप्रदेश। इन दिनों स्टेशन रोड बाराहखोली बंगला यार्ड में माता पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। आयोजन का यह रजत जयंती वर्ष है, इसलिए आयोजन को बहुत ही भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी खड़कपुर से आए पुजारी पार्थ सारथी ने गीली हल्दी से देवी की मनोहारी प्रतिमा निर्मित की। इस दिन भक्तों ने लक्ष्मी नरसिंह स्वामी की पूजा अर्चना की।

लक्ष्मी नरसिंह संयुक्त रूप से भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार और देवी लक्ष्मी का स्वरूप है। इस स्वरूप में भगवान नरसिंह आधे सिंह और आधे मानव के रूप में है, साथ में देवी लक्ष्मी भी विराजमान है। मान्यता अनुसार इसे शांति, समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। वैसे तो श्री लक्ष्मी नरसिंह स्वामी के कई प्रसिद्ध मंदिर भारत में है, जिसमें से सबसे प्रसिद्ध मंदिर सहयाद्रि की पहाड़ी में तेलंगाना में है। भुवन गिरी जिले में स्थित इस मंदिर को तेलंगाना का तिरुपति भी कहा जाता है। यह मंदिर भगवान नरसिंह के पांच लोगों को समर्पित है, जिसका पुनर्निर्माण ब्लैक ग्रेनाइट से किया गया है। इस स्वरूप के दर्शन बिलासपुर के भक्तों ने भी किया। हर वर्ष श्री सोलापुरी माता पूजा के अवसर पर शुक्रवार को कुमकुम पूजा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी यह आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा, जिसमें महिलाएं व्रत रखकर अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करेगी। प्रतिदिन पंडाल पहुंचने वाली महिलाओं और बच्चों को निशुल्क कूपन वितरण किया जा रहा है, जिनका अतिथियों द्वारा लकी ड्रा निकाला जाता है। मंगलवार को बच्चों की श्रेणी में नागपुर की विवंशी, एन ई कॉलोनी के मानस का लकी ड्रा निकाला, तो वहीं महिलाओं में गायत्री, एन कुमारी, सुजाता, अन्नपूर्णा, राधा, विजयलक्ष्मी, एल हरिका चिन्नम्मा और अश्विनी रही, जिन्हें अतिथि द्वारा साड़ी और फोटो फ्रेम प्रदान किया गया।

गीली हल्दी की महिमा

प्रतिदिन यहां गीली हल्दी से देवी की प्रतिमा निर्मित की जाती है। अगले दिन यही हल्दी भक्तों के लिए उपलब्ध कराई जाती है। खासकर महिलाएं इस हल्दी को लेकर घर में जाकर इसे पूजा स्थल पर रखती है। किसी भी शुभ कार्य में जाने से पहले इस हल्दी का टीका लगाया जाता है, जिसे शुभकारी माना जाता है। देवी को पारंपरिक दक्षिण भारतीय पुलियाराम का भोग अर्पित किया गया, जिसे उनके भक्त माधवराव द्वारा समर्पित किया गया।

न्यूज गैलरी

एनएसई आईपीओ से जुड़े मुद्दे सुलझाने के लिए एक्सचेंज के साथ हो रही बातचीत

नई दिल्ली। एनएसई आईपीओ मामले में सेबी की चिंताओं में प्रमुख रूप से प्रबंधन कर्मियों को दिया जाने वाला मुआवजा ओर प्रौद्योगिकी और क्लियरिंग कॉरपोरेशन में बहुलांश हिस्सेदारी आदि शामिल हैं। एक्सचेंज ने भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) से एनओसी के लिए आवेदन कर अपनी लिस्टिंग की प्रक्रिया फिर शुरू कर दी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की लंबे समय से प्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) नियामक समीक्षा हो रही है। बाजार नियामक के प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने बताया है कि एक्सचेंज और सेबी के बीच कुछ मुद्दों को सुलझाने के पर चर्चा की जा रही है। एनएसई आईपीओ मामले में सेबी की चिंताओं में प्रमुख रूप से प्रबंधन कर्मियों को दिया जाने वाला मुआवजा ओर प्रौद्योगिकी और क्लियरिंग कॉरपोरेशन में बहुलांश हिस्सेदारी आदि शामिल हैं। एक्सचेंज ने भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) से एनओसी के लिए आवेदन कर अपनी लिस्टिंग की प्रक्रिया फिर शुरू कर दी है। हालांकि एनएसई की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दाखिल कर दिया गया है, लेकिन आईपीओ की समय-सीमा अनिश्चित है। दोनों पक्ष प्रमुख मुद्दों को सुलझाने पर काम कर रहे हैं। इनमें कुछ मौलिक प्रकृति के हैं, जिनमें कॉर्पोरेट प्रशासन भी शामिल है। आईपीओ के लिए संभावित समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर पांडे ने पीटीआई से कहा, ÷मैं इस समय केवल इतना कह सकता हूं कि कुछ मुद्दे हैं...जिन पर एनएसई और सेबी के बीच चर्चा चल रही है। आगे चलकर इसे स्पष्ट करने के इरादे से हम इन मुद्दों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

सोने की बढ़ती कीमतों का असर; जनवरी से मार्च के बीच मांग 15 फीसदी कम होकर 118 टन हुई

नई दिल्ली। 2025 की शुरुआत से सोने की कीमतें 25 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। इसके भाव 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के प्रमुख मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब हैं। कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने बाजार में उपभोक्ताओं का खरीद पैटर्न प्रभावित किया है। जनवरी से मार्च तिमाही में भारत की सोने की मांग में 15 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 118.1 टन रह गई। इस बीच, बढ़ती कीमतों के कारण इसका मूल्य 22 प्रतिशत बढ़कर 94,030 करोड़ रुपये हो गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने बुधवार को यह बात कही। डब्ल्यूजीसी के पूर्वानुमान के अनुसार, 2025 तक भारत की सोने की मांग 700-800 टन के बीच रहने की उम्मीद है। 2025 की शुरुआत से सोने की कीमतें 25 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। इसके भाव 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के प्रमुख मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब हैं। कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने बाजार में उपभोक्ताओं का खरीद पैटर्न प्रभावित किया। डब्ल्यूजीसी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन जैन ने अपनी तिमाही रिपोर्ट में कहा, ÷ऊंची कीमतों ने लोगों की सोना खरीदने की क्षमता को प्रभावित किया है। फिर भी, सोने का स्थायी सांस्कृतिक महत्व है। विशेष रूप से अक्षय तृतीया और आगामी विवाह सीजन से पहले, खरीदारी की भावना को मदद मिल रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, अक्षय तृतीया के मौके पर सोने के बाजार में उत्साह दिख रहा है। इसका भारत में अत्यधिक सांस्कृतिक महत्व है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद हारून भाई (MOHAMMAD HAROON BHAI) S/O ABDUL KARIM, निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम MOHAMMAD HAROON BHAI S/O ABDUL KARIM त्याग कर नया नाम मोहम्मद हारून (MOHAMMAD HAROON) S/O ABDUL KARIM निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम मोहम्मद हारून (MOHAMMAD HAROON) S/O ABDUL KARIM नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

MOHAMMAD HAROON,
S/O ABDUL KARIM
निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर
(छ.ग.) 494334

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हिना बानो (HANA BANO) पति मोहम्मद फरीद (MOHAMMAD FARID) निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर यह शपथ करती हूं कि मैने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम हिना बानो (HEENA BANO) पति मोहम्मद फरीद (MOHAMMAD FARID) निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय /अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम हिना बानो HEENA BANO, W/O MOHAMMAD FARID नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

HEENA BANO, W/O
MOHAMMAD FARID
निवासी 46 बरदेभाटा कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर
(छ.ग.) 494334

एटीएम से कैश निकालना होगा महंगा, इस दिन से बढ़ जाएंगे चार्ज

नई दिल्ली। अगर आप अक्सर अपने बैंक के अलावा दूसरे बैंकों के एटीएम से कैश निकालते हैं या बैलेंस चेक करते हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। अगले महीने की शुरुआत के साथ ही अब एटीएम से पैसे निकालना महंगा होने वाला है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एटीएम इंटरचेंज फीस में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है, और यह बढ़ा हुआ चार्ज 1 मई 2025 से लागू हो जाएगा।

इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कैटेगरी बदलाव का नेतृत्व कर रही है

सरकारी प्रोत्साहन और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से ईवी को तेजी से अपना रहे भारत के लोग

नई दिल्ली। सरकारी प्रोत्साहन और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से स्थानीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही कई नीतिगत उपाय और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बाजार को 2030 के लक्ष्य के करीब लाने में मदद कर रहे हैं।

काउंटरपॉइंट के लेटेस्ट 'इंडिया पैसेंजर व्हीकल मॉडल सेल्स ट्रैकर' के अनुसार, भारत के यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री 2024 में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 4.3 मिलियन यूनिट से अधिक हो गई। इस कुल पीवी बिक्री में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) की 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की गई है, जो सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।यात्री बीईवी की बिक्री में वृद्धि का श्रेय कई नए मॉडलों के लॉन्च को दिया जा सकता है, जिनमें टाटा कर्व.ईवी, एमजी विंडसर, बीवाईडी सील, बीवाईडी ईमैक्स 7 और टाटा पंच.ईवी रिफ्रेश शामिल हैं।भारत सरकार ने ईवी अपनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इस लक्ष्य के तहत 2030 तक यात्री वाहन सेगमेंट में 30 प्रतिशत, संयुक्त दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में 80 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में 70 प्रतिशत ईवी पेनिट्रेशन हासिल करना है।ऑटोमोटिव बाजार विश्लेषक अभिक मुखर्जी के अनुसार, ऑटोमोबाइल और उनके कंपोनेंट्स के लिए अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी, भारत के बढ़ते कंपोनेंट निर्यात के लिए एक खतरा पैदा करती है। हालांकि, यह दूसरे बाजारों में कंपोनेंट निर्यात बढ़ाने का भी अवसर पैदा करता है।भारत की सबसे बड़ी पीवी कंपनी मारुति सुजुकी और अंतरराष्ट्रीय बीईवी स्पेशलिस्ट टेस्ला और विनफास्ट के प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले किफायती और प्रीमियम मॉडल के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करने जा रहे हैं। इससे 2025 के अंत तक पीवी बाजार के 5 प्रतिशत हिस्से पर बीईवी का कब्जा होने का अनुमान है।मुखर्जी ने कहा कि दोपहिया सेगमेंट में ईवी अपनाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।2024 में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 6.2 प्रतिशत रही, जो कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 36 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।प्रोत्साहनों और कर छूटों के कारण इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल अंतिम मील डिलीवरी और माइक्रो-मोबिलिटी एप्लीकेशन के लिए तेजी से किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, फूड डिलिवरी और क्विक कॉमर्स कंपनियां अधिक सस्टेनेबल और हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के इस्तेमाल का विस्तार कर रही हैं।



18 लाख से ज्यादा लोगों को होगा फायदा

एसबीआई के साथ लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ने साइन किया एमओयू

नई दिल्ली। लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ने देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया है। इसके तहत सरकारी बैंक लैंड पोर्ट ऑथोरिटी को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगी, जिसमें फॉरेन एक्सचेंज, एक्सपोर्ट-इंपोर्ट, कार्ड पेमेंट सर्विसेज और कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज शामिल हैं। इससे 18 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ जनरल मैनेजर देबाशीष मिश्रा ने बताया कि यह सभी बैंकिंग सर्विसेज लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर प्रदान की जाएंगी। फिलहाल लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के पास 15 एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स हैं और इनमें 11 और जुड़ने वाले हैं। आगे चलकर बैंक इसके हिसाब से ही अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के जरिए करीब 18 लाख लोग हमारे देश से बाकी देशों जैसे नेपाल, भूटान और बांग्लादेश जाते हैं। बैंक इन सभी लोगों को जरूरी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगा।

एसबीआई के शीर्ष अधिकारी ने आगे बताया कि हमारे पास लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के आस-पास 11 ब्रांच हैं और आगे अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए नई ब्रांच या बैंकिंग आउटलेट खोलेंगे। मिश्रा के मुताबिक, बैंक की योजना अगले छह महीने में पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश सीमा पर मौजूद पेत्रापोल और बिहार में नेपाल सीमा पर मौजूद रक्सौल समेत तीन एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स को कवर करने की है। जहां से 80 प्रतिशत लोग आते-जाते हैं। मिश्रा ने आगे बताया कि हम फिजिकल के साथ डिजिटल बैंकिंग सेवाएं भी लोगों को प्रदान करेंगे, जिसमें नेट बैंकिंग, फोन बैंकिंग, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, फॉरेन ट्रैवल कार्ड और पीओएस भी शामिल होगा। इससे इलाके के लोगों को वन-स्टॉप बैंकिंग सॉल्यूशन भी मिलेगा। एसबीआई देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक है। इसके पास 50 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं और 22,500 से अधिक ब्रांचों के साथ इसकी उपस्थिति पूरे देश में है। साथ ही बैंक के पास 63,580 एटीएम भी हैं।

भारतीय एल्युमीनियम उद्योग की एकजुट मांग को मजबूत करने उठाए कदम

रायपुर। भारतीय एल्युमीनियम उद्योग की एकजुट मांग को मजबूत करने वाले एक कदम के तहत फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज़ (फिमी) ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के समक्ष एक औपचारिक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया है, जिसमें एडवांस ऑथराइज़ेशन (एए) होल्डरों, निर्यातोन्मुख इकाइयों (एक्सपोर्ट ओरियेंटेड यूनिट्स) और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में स्थित एल्युमीनियम उत्पादक इकाइयों के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्कों या करों में छूट (रिमिशन ऑफ ड्यूटीज़ और टेक्सिस ऑन एक्सपोर्ट प्रोडक्ट्स-आरओडीटीईपी) योजना के तत्काल विस्तार की मांग की गई है। गौरतलब है कि हाल ही में ऐसी ही अपील एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने वित्त मंत्री से भी की थी। उस अपील में एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों से भारत से होने वाले लगभग 45 प्रतिशत एल्युमीनियम निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए आरओडीटीईपी स्कीम के फायदों की अहमियत को रेखांकित किया गया था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल को प्रस्तुत फिमी के प्रतिनिधित्व ने मंत्रालय द्वारा प्रगतिशील नीति सुधारों की सराहना की, किंतु साथ ही इस बात पर भी प्रकाश डाला कि 5 फरवरी 2025 के बाद आरओडीटीईपी स्कीम कवरेज की समाप्ति भारतीय एल्युमीनियम उत्पादकों को लागत में नुकसान पहुंचा रही है। इन इकाइयों को ऐम्बैडेड टैक्स और ड्यूटी को वहन करना पड़ रहा है, जो उनकी उत्पादन लागत का 5-10 प्रतिशत है, इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो रही है। इस पत्र में आगे कहा गया है कि भारतीय एल्युमीनियम उद्योग दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जसमें 20 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश और 4.1 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता है। इसमें कहा गया है कि एए/ईओयू/एसईजेड इकाइयों से निर्यात के लिए आरओडीटीईपी स्कीम के लाभ बहाल करने में किसी भी तरह की देरी से उत्पादन में कटौती, नौकरी छूटने और घरेलू वैल्यू ऐडिशन में बाधा आ सकती है।

रेमेडियम लाइफकेयर: हमारे राइट्स इश्यू के साथ फार्मा की लहर पर सवार हों!

मुंबई। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई: 539561) ने अपने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से मंजूरी मिल गई है। यह रणनीतिक पहल कंपनी की एक एकीकृत, शोध-संचालित फार्मास्युटिकल लीडर बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राइट्स इश्यू 30 अप्रैल, 2025 को खुलेगा और 14 मई, 2025 को बंद होगा। यह पूंजी जुटाना रेमेडियम के हाल ही में एक प्रमुख यूके-आधारित फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ ?182.7 करोड़ के समझौते के बाद हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश, उच्च मूल्य वाली दवा मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने, शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इस विकास पर बोलते हुए, रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री आदर्श मुंजाल ने टिप्पणी की: ÷यह राइट्स इश्यू वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, नवाचार-आधारित दवा कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पूंजी निवेश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगा, जिसमें यूरोप और एशिया पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।÷ उन्होंने यह भी कहा कि ÷यह निवेशकों को निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्ताव की सदस्यता लेने और संभावित रूप से आकर्षक कीमत पर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है।

÷ आय का एक बड़ा हिस्सा केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) विकारों, चयापचय स्थितियों और ऑन्कोलॉजी में विशेषज्ञता वाली उन्नत अनुसंधान प्रयोगशालाओं की स्थापना की ओर निर्देशित किया जाएगा - दुनिया भर में तीन सबसे महत्वपूर्ण और उच्च मांग वाले चिकित्सीय खंड। पूंजी जुटाने से पूर्व भुगतान में भी मदद मिलेगी, जिससे वित्तीय लचीलापन बेहतर होगा।

सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड को 49.50 करोड़ के राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से मिली सैद्धांतिक मंजूरी

मुंबई। घरेलू साज-सज्जा (होम डेकोर) और विभिन्न सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई: 539519) को अपने 49.50 करोड़ रुपए के प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी को यह मंजूरी 27 मार्च 2025 को मिली।

सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड कंपनी विशेष रूप से कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए इस राइट्स इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का इरादा रखती है। इसके अलावा, फंड का उपयोग व्यवसाय विस्तार और विविधीकरण के लिए नई सहायक या सहयोगी कंपनियों को बनाने या अधिग्रहण करने या उच्च विकास क्षमता वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा।

इस डेवलपमेंट पर सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत ब्रह्मभट्ट ने कहा कि ÷राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त करना वास्तव में हमारे लिए एक माइलस्टोन है।

निविदा

कार्यालय जिला पंचायत दन्तेवाड़ा में जिला पंचायत एनआरएलएम में जिला कार्यालय हेतु एवं विकासखंड दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण, के दैनिक शासकीय कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण एवं निरीक्षण हेतु 01-01 नग (कुल-05) बुलेरो / स्कार्पियो वाहन किराये पर लिये जाने हेतु दिनांक 13.05.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा अभिलेख निर्धारित शुल्क 300 रूपये प्रदाय कर, कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा विभागीय वेबसाईट www.dantewada.nic.in से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं, डाउनलोड किये गये निविदा अभिलेखों का शुल्क निविदा के साथ जमा किया जाना होगा। समय सारणी निम्नानुसार है-

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 13.05.2025 समय 12:00 बजे तक
निविदा खोलेन की तिथि :- 13.05.2025 समय 03:00 बजे

संवाद-43704/2

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार रायपुर

क्रमांक 07/न.पा.नि./जोन-08/2025 रायपुर, दिनांक 30/04/2025

निविदा निरस्तीकरण सूचना

नगर निगम जोन क्रमांक-8 द्वारा जारी निविदा क्र. 05 दिनांक 22.04.2025 को जारी किया गया था। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्र. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 1868 Korba West, dtd. 29.04.2025
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1340/2025.
Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission
1 Rfx No. 1100042795	Monitoring of live footage of cameras installed in the plant gate HTPS Colony & around the periphery of the HTPS Plant boundary by the CCTV Operators in the CCTV Control Room near main gate of HTPS, Korba West.	590/-	8,310/-	19.05.2025
2 Rfx No. 1100042851	Providing Expert Technical electrical technician for 0.4/6.6 KV breaker maint. Control circuit checking and electrical protection testing of associated electrical system of CHP: INT, 4x210 MW, HTPS, Korba West.	590/-	6,435/-	19.05.2025
3 Rfx No. 1100042843	Procurement of Zero speed switch and pull cord switch for CHP-INT/ Ext., HTPS, Korba West.	590/-	5,195/-	19.05.2025
4 Rfx No. 1100042794	Supply of HT Fasteners with Nut and Washers (1 Nos.) of different sizes for CM-I, 4x210 MW, HTPS, Korba West.	590/-	8,470/-	19.05.2025

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in - e-Bidding.2 Quantity as per tender schedule. S-43697/2
SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (M/P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी मस्तूरी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
// प्रारूप ''क'' प्रकाशन //

भू-अर्जन प्र.क्र. /06/अ-82/2022-23 बिलासपुर, दिनांक 16.04.2025

राज्य शासन के कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण संभाग क्र. 01 बिलासपुर के द्वारा तहसील मस्तूरी के अंतर्गत ग्राम टिकारी से पथरताल मार्ग लंबाई 04 कि.मी. निर्माण कार्य हेतु प्रकरण में भूमि की आवश्यकता होने के कारण ग्राम पथरताल प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर की भूमि क्रय करने हेतु प्रस्तावित है। यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को भूमि स्वत्व संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधार सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा कर सकता है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	भूमि स्थायी का नाम	खसरा	अर्जित भूमि: एकड़	अर्जित भूमि: हेक्टेयर	अर्जित भूमि: भूमि का निर्धारित प्रतिफल	आदर्श पुनर्वास नीति मुआवजा का 50% के बराबर या अधिकतम 5 लाख	माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. WPC NO. 6176/2024 में पारित निर्णय दिनांक 16.12.2024 अनुसार धारा 50 के तहत 02 वर्ष 03 माह का ब्याज राशि: 01 वर्ष का 9%	ब्याज राशि: 15 माह 15 दिवस का 15%	कुल देय मुआवजा राशि (06+07+08+09)	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	साधुसिंह पिता हीरासिंह, लतेलु पिता नाथुसिंह, कुशवा सिंह, छोटेलाल, सत्या, गायत्री सावित्री पिता हीरासिंह	224/5	0.07	0.028	76384.00	38192.00		-	114576.00	
2	भागीरथी, नंदकिशोर पिता तुंगन सिंह	224/12	0.069	0.028	76384.00	38192.00		-	114576.00	
3	अशोक सिंह पिता तहसील सिंह	224/13	0.069	0.028	76384.00	38192.00	10312.00	22189.00	147077.00	
4	फूलसिंह पिता मधुवा	93/1	0.030	0.012	32736.00	16368.00		-	49104.00	
5	अरविंद कुमार, सुनील कुमार ललित कुमार पिता जागवत	93/2	0.119	0.048	212736.00	106368.00		-	319104.00	
6	केजाबाई पति अकलहा	94/5	0.168	0.068	301376.00	150688.00			452064.00	
	कुल योग -	6	0.53	0.21	776000.00	388000.00	10312.00	22189.00	1196501.00	

जी-252600544/1

प्रारूप ''क''
कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भू-अर्जन अधिकारी मस्तूरी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(पांचवां आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 167672/निविदा सूचना क्र. 01/वलेलि/2025-26, दिनांक 30.04.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 19.05.2025 समय 17:30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम : **नवागांव व्यपवर्तन योजन के आर.डी. 1960 मी. से आर.डी. 4560 मी. तक मुख्य नहर का शेष निर्माण मिट्टी कार्य सहित, 22 नग नहर संरचनाएं व 14 नग आऊटलेट तथा आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1770 मी. तक माईनर का निर्माण मिट्टी कार्य सहित 05 नग संरचनाएं व 08 नग आऊटलेट के निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत : रुपये 121.15 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **07.05.2025** समय **17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2014) के अनुसार है।

जी-252600598/9

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
पेण्ड्रारोड (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

वाहन की ठोकर से सगाई में जा रहे बाइक सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। सगाई में जा रहे नवाडीह (बम्हनी) के बाइक सवार को पिकअप ने ठोकर मार कर घायल कर दिया। घटना की शिकायत पर बसना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। ग्राम गोपालपुर (पिथौरा) निवासी अलादिनी भोई ने पुलिस को बताया कि 27 अप्रैल को उनके पति अमृतलाल भोई के ग्राम सिंघनपुर अशोक राजहंस की बाइक एचएफ डीलक्स से ग्राम सिंघनपुर के शंभू बरिहा के साथ सगाई कार्यक्रम में नवाडीह (बम्हनी) जा रहे थे। बसना-सरायपाली बाइपास एनएच-53 पर बसना के पास पीछे से पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजी 7376 ने ठोकर मार दिया, जिससे पति अमृतलाल भोई के सिर, चेहरा, दाहिना पैर में और शंभू बरिहा के सिर में चोट आई है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने ग्राम अखराभांठा-बिरसिंगपाली मार्ग में फिरत चौहान के खेत के पास बिरसिंगपाली निवासी गोविंदा तांडी (27) से 3 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

महिला के घर घुसकर की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। घर घुसकर महिला से मारपीट करने के मामले में तेंदूकोना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सेवाती निवासी सानिया बाई धृतलहरे (35) के साथ 26 अप्रैल की रात 9 बजे गांव के धर्मेंद्र बंजारे ने घर घुसकर मारपीट की।

रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

कसडोल/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 29 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे दरसराम यादव पिता संत यादव निवासी ग्राम धमलपुर,तहसील टुण्डरा,सनंदन पिता गनपत श्रीवास, निवासी ग्राम चांटीपाली, तहसील कसडोल,चैनसिंग यादव पिता प्रसाद यादव,निवासी ग्राम अर्जुनी(ब),तहसील कसडोल शामिल हैं।

राशन कार्ड घोटाला : छुट्टी के दिन, आधी रात में चलती रही भ्रष्टाचार की फैक्ट्री!

- जांच अधिकारी ने साधी चुप्पी, दोषियों को बचाने का आरोप

खरसिया, रायगढ़ /नवप्रदेश। जनपद पंचायत खरसिया के खाद्य शाखा में वर्षों से चल रहे राशन कार्ड घोटाले ने एक बार फिर शासन और प्रशासन की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। पत्रकार गोपी अजय की जनशिकायत ने इस घोटाले की परतें उधेड़ दी हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शासकीय और साप्ताहिक अवकाश के दिनों में, यहां तक कि रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक, राशन कार्ड जारी किए गए – वह भी अपात्र व्यक्तियों को!

शिकायत में यह भी बताया गया है कि कई अंत्योदय और नीला कार्ड ऐसे लोगों को दिए गए, जो पूर्णतः अपात्र हैं। इससे न केवल पात्र गरीबों का हक मारा गया, बल्कि लोक वितरण प्रणाली की विश्वसनीयता को भी गहरा धक्का लगा है।

जांच अधिकारी ने क्लीन चिट दी, पर सवाल बाकी हैं!

इस मामले की जांच सहायक विकास विस्तार अधिकारी प्रशांत कुमार साहू को सौंपी गई थी, लेकिन उनकी रिपोर्ट में सिर्फ यह कहा गया कि ÷खाद्य शाखा में कोई फर्जीवाड़ा नहीं पाया गया।÷

ना कोई तकनीकी विश्लेषण किया गया, ना ढ्रक्क एड्रेस, ना समय की लॉग, ना अपात्र लाभार्थियों की सूची की समीक्षा। इससे स्पष्ट होता है कि जांच सिर्फ कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई।

कई बड़े अधिकारियों को दी गई जानकारी

इस मामले की प्रतियां मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रायपुर, और कलेक्टर रायगढ़ को भेज दी गई हैं। जनमानस अब यह जानना चाहता है कि क्या सरकार और प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे, या फिर एक और भ्रष्टाचार प्रकरण को दबा दिया जाएगा? यह सिर्फ एक शिकायत नहीं, बल्कि जनकल्याण योजनाओं में छिपे भ्रष्टाचार की खतरनाक झलक है।

मामले की पुनः स्वतंत्र जांच की मांग

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि 2019 से अब तक बनाए गए सभी राशन कार्डों की स्वतंत्र एजेंसी से गहन जांच कराई जाए, विशेषकर उन कार्डों की जो छुट्टियों और देर रात में बनाए गए। उन्होंने कार्ड बनाने की लोकेशन ट्रेसिंग, ढ्रक्क ऐड्रेस रिकॉर्ड, और यूज़र लॉग की जांच की भी मांग की है।

जल जीवन मिशन में बड़ा घोटाला
पानी नहीं फिर भी मिल गया सर्टिफिकेट

- ग्रामीणों के लिए छलावा बनी योजना

कमलेश्वर सिंह पैंकरा

बीजापुर/नवप्रदेश। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण भारत के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। बीजापुर जिले के 463 गाँवों में इस योजना के तहत पीएचई विभाग द्वारा नल कनेक्शन बिछाए जा रहे हैं और सौर ऊर्जा आधारित जल आपूर्ति प्रणालियां भी स्थापित की गई हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है।

ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी, लेकिन विभाग ने बांट दिए सर्टिफिक्रेट

भोपालपटनम तहसील के कोंगुपल्ली, मेटूपल्ली और पेगड़ा पल्ली के अधिकांश घरों में पानी की आपूर्ति अभी तक शुरू ही नहीं हुई है। इसके बावजूद इन गाँवों को ÷हर घर जल÷ का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से यह सर्टिफिक्रेशन किया गया है।

विभाग का पक्ष, लेकिन हकीकत से मेल नहीं

जब इस संबंध में पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री नेताम से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, ÷हमारी टीम ने तीन चरणों में जाँच के बाद ही सर्टिफिक्रेशन किया है। जहाँ-जहाँ जल की आपूर्ति हुई है, वहीं प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं।÷

जिला प्रशासन से जवाबदेही तय करने की मांग

इस पूरे मामले में जिला प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों की मांग है कि सर्टिफिक्रेशन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से लागू किया जाए और ग्रामसभाओं की मॉनिटरिंग जिला स्तर पर की जाए। साथ ही, जिन गाँवों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, वहाँ संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं केवल कागजों में नहीं, जमीन पर सफल होनी चाहिए। अगर समय रहते लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह योजना ग्रामीणों के लिए एक और अधूरी उम्मीद बनकर रह जाएगी।

नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियाँ

विभागीय सूत्रों के अनुसार, हर गाँव में 100 प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित होने के बाद ही 'हर घर जल' का प्रमाणीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए बाकायदा ग्राम सभा की प्रक्रिया तय है, जिसमें ग्रामीण और विभागीय अधिकारी मिलकर सत्यापन करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि ग्रामसभाओं में विभागीय अधिकारी शायद ही कभी मौजूद रहते हैं, और कागजों में पूरा गाँव 'जल युक्त' घोषित कर दिया जाता है।

ग्रामीण बोले : योजना अच्छी है, लेकिन जिम्मेदार लापरवाह

मेटूपल्ली के ग्रामीण युवा लोकेश मट्टी ने बताया, मेरे घर में सोलर पंप और नल कनेक्शन लगा दिया गया है, लेकिन महीनों से एक बूंद पानी नहीं आया। सरकार की योजना सराहनीय है, मगर लापरवाही ने इसे मज़ाक बना दिया है।÷ अन्य ग्रामीणों ने भी बताया कि उन्हें आज भी पानी के लिए दूर-दूर तक पैदल जाना पड़ता है।

17 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सभी थाना प्रभारी को थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी बिक्री पर अंकुश लगाने के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उसके परिपालन में थाना प्रभारी देवभोग के द्वारा अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय करने के साथ थाना देवभोग क्षेत्र उड़िसा बॉर्डर चेक पोस्ट में तैनात बाल को संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने के संबंध में निर्देश दिए थे। जो आज दिनांक 27.04.2025 को प्रतिदिन की तरह खुटगांव नाक चेक पोस्ट पर एमसीपी कार्यवाही दौरान आने जाने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। उसी दौरान एक लाल रंग के हिरो कंपनी का मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 23 एन 2083 जो धरमगढ़ उड़िसा की ओर से देवभोग छत्तीसगढ़ आ रहे थे। जिसे चेक पोस्ट नाका खुटगांव के पास रोककर चेक किया गया। मो0सा0 क्रमांक सीजी 23 एन 2083 में दो व्यक्ति बैठे थे। दोनों का नाम पता पूछने पर मो0सा0 चालक अपना नाम कमलेश पात्र एवं पीछे बैठे व्यक्ति नुरर्प लाल नागेश बताया जिन्हे पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नही देने पर पीछे बैठा व्यक्ति नुरर्प लाल नागेश अपने पास एक सफेद रंग प्लास्टिक बोरी रखा हुआ था। जिसमें मादक पदार्थ गांजा का गंध आ रहा था तथा मोटर सायकल का डिग्गी खोलकर चेक करने पर उसके अंदर एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी रखा था। जिसमें मादक पदार्थ गांजा का गंध आ रहा था। चेकिंग के दौरान एनडीपीएस एक्ट में दिये गये निहीत प्रावधानो के अनुसार कार्यवाही कर दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 17 कि0ग्रा0 मादक पदार्थ गांजा किमती 1,70,000/रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 एन 2083 किमती 30,000/रूपये कुल जुमला किमती 2,00000/रूपयें को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com